

उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

## एक नजर

### नक्सली लीडर ने 6 महीने तक युद्धविराम की घोषणा की

**जगदलपुर (ए)।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना राज्य में नक्सलियों ने 6 महीने तक युद्धविराम की घोषणा कर दी है। तेलुगु कैडर के नक्सली और नक्सल संगठन के प्रवक्ता जगन ने प्रेस नोट जारी कर युद्धविराम का ऐलान किया है।दरअसल, जगन ने तेलुगु भाषा मे प्रेस नोट जारी किया है। जिसमें लिखा है कि तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी, पूर्व सीएम चंद्रशेखर राव और कविता ने भी शांति वार्ता के लिए पहल किया था। ये गर्व की बात है। शांति वार्ता के लिए शांति समिति का भी गठन किया गया था। उन्होंने लिखा कि राज्य के कई बुद्धिजीवी वर्ग और मशहूर हस्तियां इसी मुद्दे पर अभियान चला रहे हैं। वार्ता प्रक्रिया को राज्य और देश में लोकतांत्रिक माहौल लाने के प्रयास के रूप में समझा जाना चाहिए। इन प्रयासों को सकारात्मक प्रभाव देने के लिए 6 महीने तक युद्धविराम की घोषणा कर रहे हैं।

### भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच गिरा शेयर बाजार

**मुंबई (ए)।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढने् से व्यापक संघर्ष की आशंकाओं के बीच शुक्रवार को शेयर बाजार में गिरावट देखी गई। शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को एक फीसदी से अधिक की गिरावट आई। पिछले दिन की गिरावट को जारी रखते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई बेंचमार्क सूचकांक 880.34 अंक या 1.10 फीसदी गिरकर 79,454.47 पर बंद हुआ। इसे काफी हद तक सीमित कारोबार माना जा रहा है। ऐसे ही एनएसई निफ्टी 265.80 अंक या 1.10 फीसदी गिरकर 24,008 अंक पर आ गया।

### तहव्वुर राणा को 6 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली (ए)।** मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को आज यानी (शुक्रवार) कोर्ट में पेश किया गया। तहव्वुर राणा को छह जून 2025 तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।अदालत में बंद कमरे में चली कार्यवाही के दौरान एनआईए ने तहव्वुर राणा से कई अक्षर और अंक लिखवाए। वहीं, राणा की आवाज के नमूने एनआईए के दफ्तर में लिए गए। राणा की ओर से पेश कानूनी सहायक अधिवक्ता पीयूष सचदेव ने कहा कि राणा ने आवाज और लिखावट के नमूने देने के लिए हाल में दिए गए अदालती आदेश का पालन किया है।

### राहुल गांधी की नागरिकता मामले में एक नई याचिका दाखिल

**लखनऊ (ए)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता विवाद मामले में एक नई याचिका दाखिल करते हुए, उनकी नागरिकता को खत्म करने का आग्रह किया गया है। याचिका में यह भी निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि जब तक याचिका पर निर्णय नहीं हो जाता, तब तक राहुल गांधी की विदेश यात्रा पर रोक लगा दी जाए। याचिका कर्नाटक के एस विग्नेश शिशिर ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्री अनुभाग में दाखिल की है। हालांकि, रजिस्ट्री ने सुनवाई के लिए अभी याचिका को पास नहीं किया है। रजिस्ट्री से पास होने के बाद ही कोई भी याचिका कोर्ट के समक्ष सुनवाई के लिए पेश की जाती है।

### एक करोड़ के इनामी समेत 10 माओवादी ढेर

**बीजापुर (ए)।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित करेंगुट्टा पहाड़ी पर माओवादियों के सफाये के लिए चल रहे संयुक्त अभियान के 18वें दिन गुरुवार को तेलंगाना में ग्रेहाउंड्स बल (पुलिस की विशेष इकाई) ने बड़ी सफलता हासिल की।इलमिड़ी गांव के पास जंगल में हुई मुठभेड़ में ग्रेहाउंड्स बल ने एक करोड़ के इनामी माओवादियों के सेंट्रल कमेटी सदस्य चंद्रन्ना और 25 लाख के इनामी स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य बंडी प्रकाश समेत 10 माओवादियों को मार गिराया।

भारत के जवाबी हमलों से थर्राया पाकिस्तान...

# भारत ने पाक के लड़ाकू विमान गिराए और पायलट पकड़े...

- अपनी सरकार और सेना को कोस रहे पाकिस्तानी
- पाक संसद में नेता ने कहा-तुम बुजदिल हो शहबाज
- पाकिस्तान ने कल रात दागे थे 500 ड्रोन, 24 शहरों को निशाना बनाने की नाकाम कोशिश
- पाक की मिसाइलें भारत के डिफेंस सिस्टम ने रोकीं
- भारतीय वायुसेना ने तीन पाकिस्तानी फाइटर जेट गिराए



- 3 सीमावर्ती राज्यों के 9 शहरों में सुबह 6 बजे तक ब्लैकआउट
- अंबाला में रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक ब्लैकआउट रहेगा।
- पंचकूला में 7 बजे से सुबह 6 बजे तक बाजार और स्ट्रीट लाइटें बंद करनी होंगी।
- चंडीगढ़ में शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक बाजार और स्ट्रीट लाइटें बंद करनी होंगी।
- मोहाली में रात 8 से सुबह 6 बजे तक सभी बाजार बंद रखने होंगे।
- गुरदासपुर में रात 8 से सुबह 6 बजे तक ब्लैकआउट होगा।
- जैसलमेर, बाड़मेर में शाम 6 बजे से, श्रीगंगानगर और फलोदी में 7 बजे से सुबह 6 बजे तक ब्लैकआउट रहेगा।

**नई दिल्ली (ए)।** भारत ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर किया। उसके बाद से बौखलाए पाकिस्तान ने दो बार भारत के कई शहरी इलाकों पर मिसाइल दागी, जिसको भारत के मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम किया।

भारतीय सेना ने पाकिस्तान के दो जेएफ-17 और एक एफ-16 फाइटर जेट को गिराया। इस दौरान भारत ने पाकिस्तान के दो फाइटर पायलट को भी अपने कब्जे में ले लिया है। भारत ने 8 मई की रात पाकिस्तान के हमलों का जवाब देते हुए पाकिस्तान के लाहौर, कराची और रावलपिंडी में ड्रोन अटैक किए, जिससे वहां भारी तबाही की सूचना है।

पाकिस्तान की शाहबाज सरकार की चारों तरफ आलोचनाओं का शिकार हो रहा है। इस दौरान पाकिस्तान की संसद में सांसद शाहिद खट्टर ने पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ को जमकर सुनाया है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ नरेंद्र मोदी का नाम तक नहीं ले पाते हैं। बुजदिल लीडरशिप के अंडर सेना कभी जंग नहीं पाएगी।

पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन यानी 8 मई को गुजरात के कच्छ जिले में ड्रोन हमले की कोशिश की। कच्छ सीमा पर ड्रोन हमले की कोशिश करते हुए तीन ड्रोन मार गिराए गए। गुजरात के सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तान से हमले की आशंका के चलते राज्य के 18 जिले हाई अलर्ट पर हैं। भुज एयरपोर्ट सेना ने अपने कब्जे में ले लिया है। बनासकांठा, कच्छ और पाटण के सीमावर्ती इलाकों के गांवों में गुरुवार की रात ब्लैकआउट लागू कर दिया गया था। हालांकि, सुबह होते ही बिजली सप्लाई शुरू कर दी गई।

इसके अलावा राज्य में ज्योतिर्लिंग सोमनाथ, शक्तिपीठ अंबाजी और द्वारका मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। सोमनाथ मंदिर को पहले से ही जेड प्लस सुरक्षा मिली हुई है। इसके तहत यहां तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है। इसके साथ ही यहां बम और डॉग स्क्वॉड भी तैनात हैं।

भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालात बने हुए हैं। शुक्रवार को शाम होते ही पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के 6 सेक्टरों उरी, तंगधार, केरन, मेंढर, नौगाम और पुंछ में फायरिंग शुरू कर दी। वहीं, पंजाब के फिरोजपुर में मिसाइल अटैक हुआ।उधर चंडीगढ़ और अंबाला में हवाई हमले की चेतावनी दी गई है। चंडीगढ़ में सेना की वेस्टर्न कमांड है, एनआईए का भी दफ्तर है। अंबाला में एयरफोर्स स्टेशन मौजूद है।जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर में ड्रोन, आतिशबाजी पर रोक है। जैसलमेर में सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों पर बैन है। श्रीगंगानगर में डीजे पर भी बैन है। बीकानेर में हॉस्टल खाली करा लिए गए हैं।पाकिस्तान नागरिक विमानों को बना रहा हमलों की ढाल, कर्नल सोफिया ने किया खुलासा भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में पाकिस्तान द्वारा की गई कायराना हरकतों की भारत सरकार ने शुक्रवार को प्रेस ब्रीफिंग में विस्तार से जानकारी दी। विदेश मंत्रालय की ओर से हुई इस ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने हिस्सा लिया और पाकिस्तानी रणनीति की परतें खोल कर रख दीं।कर्नल सोफिया कुरैशी ने मीडिया के सामने कुछ तस्वीरें पेश करते हुए यह खुलासा किया कि पाकिस्तान ने अपने सैन्य हमलों के दौरान नागरिक विमानों को जानबूझकर ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। हमले के वक्त कराची और लाहौर एयरस्पेस में पैसेंजर फ्लाइट्स हवा में थीं, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि पाकिस्तान ने हवाई क्षेत्र को जानबूझकर खुला रखा ताकि भारत जवाबी कार्रवाई में संयम बरते और हमलों को रोका जा सके। कर्नल सोफिया ने बताया कि पाकिस्तान ने भारत के 36 ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिनमें उत्तरी और पश्चिमी भारत के कई सैन्य प्रतिष्ठान शामिल थे। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना ने संयम बरतते हुए जवाबी कार्रवाई की और आम नागरिकों को कोई नुकसान न हो इसका विशेष ध्यान रखा गया। कर्नल सोफिया के अनुसार, पाकिस्तान ने तुर्किये में निर्मित ड्रोन से हमला किया। भारत ने इन हमलों का जवाब देते हुए पाकिस्तान की सर्विलांस रडार प्रणाली को नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई पाकिस्तान की सेना के लिए बड़ा सामरिक झटका साबित हुई है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि इस तरह की हरकतें न केवल भारत-पाक संबंधों को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमानन सुरक्षा के लिए भी खतरा हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की यह रणनीति अंतरराष्ट्रीय कानून और जिनेवा संधियों का उल्लंघन है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय में एक बेहद महत्वपूर्ण बैठक हुई है। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख यानी वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी व नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे।

## टीनएजर्स के बीच सहमति से बना रिलेशन अपराध नहीं : हाईकोर्ट

**प्रयागराज (ए)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि पॉक्सो एक्ट का उद्देश्य बच्चों को यौन उत्पीडन् से सुरक्षा देना है, न कि टीनएजर्स के बीच आपसी सहमति से बने प्रेम संबंधों को अपराध की श्रेणी में डालना। न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने यह टिप्पणी राज सोनकर की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कही। जिसे एक नाबालिग लडक़ी से प्रेम संबंध के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

चंदौली निवासी 18 साल के राज सोनकर पर थाना चकिया, चंदौली में भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2), 87, 65(1) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। राज सोनकर की ओर से उनके एडवोकेट ने दलील दी कि आरोपी पूर्णतः निर्दोष है और उसे झूठे मुकदमे में फंसाया



गया है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि एफआईआर दर्ज करने में 15 दिनों की अत्यधिक देरी हुई है, जिसके पीछे कोई तर्कसंगत स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। पीड़िता की उम्र भले ही शैक्षणिक अभिलेखों के अनुसार 16 वर्ष से थोड़ी कम है, परंतु आरोपी स्वयं भी मात्र 18 वर्ष का किशोर है। इस प्रकरण में दोनों के बीच सहमति से बना प्रेम संबंध है, जो कि किशोरावस्था का एक स्वाभाविक व्यवहार माना जाना चाहिए।

बच्चों को सुरक्षा देने के लिए बना था कानून

कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि पॉक्सो एक्ट का निर्माण 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन शोषण से सुरक्षा देने के लिए किया गया था। लेकिन वर्तमान समय में यह कानून कई बार स्वयं किशोरों के शोषण का माध्यम बनता जा रहा है। यह अधिनियम कभी भी किशोरों के आपसी सहमति वाले प्रेम संबंधों को अपराध मानने के लिए नहीं बना था। कोर्ट को हर मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर विचार करना होता है। अगर प्रेम संबंध सहमति से बने हों और पीड़िता भी आरोपी के पक्ष में बयान देती है, तो आरोपी को जेल में रखना न्याय की भावना के विरुद्ध होगा।

### सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान को झटका

**नई दिल्ली,(ए)।** भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान को सिंधु जल समझौता पर बहुत बड़ा झटका लगा है। वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने साफ कर दिया हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में हुई सिंधु जल संधि में विश्व बैंक की भूमिका केवल 'फेसिलिटेटर' यानी मध्यस्थ की है। वे इस संधि में उत्पन्न हुए हालिया गतिरोध को सुलझाने के लिए हस्तक्षेप नहीं करेगा। उन्होंने दो टूक कह दिया कि वर्ल्ड बैंक भारत को रोकने के लिए हस्तक्षेप नहीं करेगा।दरअसल पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया था। भारत ने निर्णय तब तक के लिए लिया है जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देने की नीति से स्पष्ट और स्थायी रूप से पीछे नहीं हटता। इसके बाद अटकलें लग रही थीं कि वर्ल्ड बैंक शायद इस विवाद में हस्तक्षेप करेगा।

## पूर्वी भारत में आज से लू की नई लहर

**नई दिल्ली (ए) ।** पूर्वी भारत में शनिवार से लू शुरू हो सकती है, जबकि अगले चार-पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम और मध्य भागों में बारिश और गरज के साथ बारिश की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने शनिवार से 13 मई तक पूर्वोत्तर में भारी बारिश, गरज और बिजली गिरने की भी चेतावनी दी है। विभाग ने कहा कि 11-12 मई के दौरान ऊपरी हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के अलग-अलग इलाकों, 10-14 मई के दौरान पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों, 11-14 मई के दौरान बिहार और ओडिशा, 12-12 मई के दौरान झारखंड और 14-15 मई को पूर्वी उत्तर प्रदेश में लू चलने की संभावना है।इस महीने



की शुरुआत में आईएमडी ने कहा था कि मई में भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी देखने को मिल सकती है।

लेकिन कभी-कभी आंधी-तूफान से गर्मी पिछले साल के भीषण स्तर तक नहीं पहुंच पाएगी। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा था कि उत्तर-पश्चिम, मध्य और उत्तर-पूर्व के कुछ इलाकों को छोडक़र देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है।

## पाकिस्तान से आ रही फर्जी खबरों की बाढ़, रहें सावधान

**नई दिल्ली(ए)।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर हालिया तनाव के बीच एक और खतरनाक मोर्चा खुल गया है-वर्चुअल युद्ध का। गुरुवार रात भारत की ओर से पाकिस्तान को दिए गए सख्त सैन्य जवाब के बाद अब पाकिस्तान सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों और भ्रामक एजेंडे के जरिये दुष्प्रचार फैलाने की कोशिश कर सकता है। इसे लेकर प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) ने सभी को सचेत किया है। पीआईबी ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट कर बताया है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान प्रायोजित फेक




न्यूज और दुष्प्रचार की बाढ़ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स-जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट-पर देखी जा सकती है। इसके तहत ऐसे भ्रामक वीडियो, फोटो और मैसेज प्रसारित किए जाएंगे जो भारतीय जनमानस को भ्रमित करने और देश में अस्थिरता फैलाने का प्रयास करेंगे। पीआईबी ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे किसी भी संदिग्ध जानकारी या दावे पर आंख बंद करके यकीन न करें। खास तौर पर व्हाट्सएप पर आने वाले वीडियो फुटेज और मैसेजों को बिना जांचे-परखे फॉरवर्ड न करें।

इसके साथ ही झूठ और सच में भेद करने के लिए पीआईबी ने कुछ साइड्स भी सुझाई हैं, जिनमें पीआईबी इंडिया (हिंदी और अंग्रेज़ी अकाउंट) के साथ ही भारतीय सेना के एक्स अकाउंट से ऑपरेशन सिंदूर समेत अन्य सैन्य कार्रवाई की विश्वसनीय जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच मध्यप्रदेश के इंदौर और ग्वालियर में भी अलर्ट

**भोपाल ब्यूरो।** भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात के बीच मध्यप्रदेश में भी अलर्ट जारी हुआ है। इंदौर में बिना अनुमति सभी तरह के आयोजन बैन कर दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार ने आदेश जारी किया, जो 4 जुलाई 2025 तक लागू रहेगा। बैतूल में पुलिसकर्मियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी गई है। अति आवश्यक स्थितियों में वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति से छुट्टी मिलेगी।

भोपाल में शुक्रवार सुबह लोगों ने बड़े तालाब किनारे बोट




क्लब पर खड़े सुदर्शन चक्र टैंक पर चढ़कर तिरंगा फहराया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि आतंकवाद को जड़ से खत्म किया जाए। भारत की सेना लगातार जवाब दे रही है। जल्द ही पाकिस्तान का नाम तक नहीं बचेगा।

इसके पहले ग्वालियर में प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट के निर्देश के बाद कमिश्नर मनोज खत्री ने शहर के सभी 66 वार्डों की मैपिंग कर पर्याप्त सायरन लगवाने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाएं, जिससे पूरे शहर को सचेत करने के लिए एक संकेत पर सभी सायरन बजें।

उधर, इंदौर ट्रक ऑपरेटर्स एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सेना के ट्रांसपोर्ट के लिए अपने ट्रक देने की पहल की है। एसोसिएशन ने इस संबंध में 8 मई को पत्र जारी किया है। संगठन के अध्यक्ष सीएल मुकाती का कहना है कि प्रदेश के साढ़े सात लाख ट्रक सेना के परिवहन के लिए तैयार हैं।

### मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र अंतर्राज्यीय नियंत्रण मंडल की 28वीं बैठक आज

**भोपाल ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र अंतर्राज्यीय नियंत्रण मंडल की 28वीं बैठक 10 मई को अपरान्ह 3 बजे से मंत्रालय वल्लभ भवन में होगी। इसी दिन विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज परियोजना ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज के एम.ओ.यू. पर मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र सरकार द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश के लिए यह सौभाग्य एवं गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन-बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के बाद यह मध्यप्रदेश की तीसरी महत्वपूर्ण अंतर्राज्यीय नदी परियोजना होगी। ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड रिचार्ज परियोजना है। परियोजना के जरिए ।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा.मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।

## 10, 11 व 12 मई को अधिकारियों को अपरिहार्य कारणों में ही छुट्टी दी जाए-कमिश्नर, संगीता सिंह



**अलीगढ़।** देश एवं प्रदेश के वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय, राजकीय कार्यों के प्रभावी संचालन के लिए मण्डल के चारो जिलों अलीगढ़, एटा, हाथरस एवं कासगंज में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सर्वकालिक उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है। आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए मण्डल के सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह 10, 11 एवं 12 मई 2025 को अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर किसी भी अधिकारी, कर्मचारी द्वारा किसी प्रकार का अवकाश मांग, उपभोग प्रार्थना पत्र स्वीकृत न करें। इसके साथ ही जिलाधिकारीगण स्वयं भी उक्त अवधि में मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे। मण्डलायुक्त ने उक्त निर्देशों का कठोरता से अनुपालन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

## चकबन्दी प्रक्रिया की प्रगति मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

### निर्धारित समय सीमा में चकबन्दी कार्य पूर्ण करते हुए ग्रामीणों को उनके अधिकारों की जानकारी दी जाए -संजीव रंजन, डीएम



**अलीगढ़।** जिले में चकबन्दी प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक का कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया गया। बैठक में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक एवं उप संचालक चकबन्दी अखिलेश कुमार, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी अनिल कटियार, सीओ चकबन्दी राजीव कुमार टमटा, एसीओ अरूण सारस्वत एवं अरूण शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में जिले में 04 ग्रामों- बरहद, दहेली, पिलखना एवं साथिनी में अब तक की चकबन्दी प्रगति की समीक्षा की गई और अवशेष कार्यों की शीघ्र पूर्ति के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि निर्धारित समय सीमा में चकबन्दी कार्य पूर्ण करते हुए ग्रामीणों को उनके अधिकारों की जानकारी दी जाए। उन्होंने पारदर्शिता एवं शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया। जिलाधिकारी ने डीडीसी को निर्देशित किया कि 15 मई तक 05 वर्ष पुराने लंबित सभी मुकदमों को निस्तारित कर दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने दहेली एवं बरहद में जल्द से जल्द चकबन्दी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण होने से जहां भूमि विवादों में कमी आएगी वहीं कृषकों को समुचित लाभ मिलेगा। चकबन्दी प्रक्रिया को गति देने के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों से नियमित फील्ड निरीक्षण एवं जन संवाद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीडीसी चकबन्दी अखिलेश कुमार ने बताया कि चकबन्दी प्रक्रिया के दौरान निर्विवाद मामलों को एसीओ स्तर से एवं विवादित मामलों को सीओ स्तर से निस्तारित किया जा रहा है।

बरहद में लगभग 424 हैक्टेयर वहीं दहेली में 228 हैक्टेयर में चकबन्दी का कार्य गतिमान है। उन्होंने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि 15 जून से चक काटने की कार्यवाही आरम्भ हो जाएगी।

## निलिट से मान्यता प्राप्त संस्थाएं कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 27 मई तक करें आवेदन

**अलीगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार भारत सरकार से अधिकृत संस्था निलिट से मान्यता प्राप्त जनपद स्तर पर कार्यरत संस्थाओं के माध्यम से ओ-लेबल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराया जाना है। उन्होंने कहा कि इच्छुक संस्थाएं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइट http:backwardwelfare.up.nic.in पर दिए गए लिंक एवं श्ङ्घcomputertraining.upsdc.gov.in के माध्यम से 13 मई से 27 मई के मध्य अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति का प्रिन्ट आउट समस्त अभिलिखों एवं विवरणों के साथ संलग्न कर उसकी हार्डकॉपी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में 27 मई की सांय 5 बजे तक उपलब्ध कराने पर ही आवेदन मान्य होगा। उन्होंने बताया कि योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी, दिशा-निर्देश एवं समय सारणी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, इसके साथ ही अन्य जानकारी विकास भवन स्थित कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

## 10 मई को आयोजित होने वाली लोक अदालत के लिए 146146 मामले चिन्हित

**अलीगढ़।** जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम कुमार के दिशा निर्देशन में 10 मई शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, अलीगढ़, बाह्य स्थित न्यायालयों में एवं तहसील स्तर पर किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों, विभागों में लम्बित विभिन्न प्रकृति के मामलों (जैसे फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 138 एनआईएक्ट, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम वाद, विद्युत अधिनियम एवं जलकर से सम्बन्धित वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक वाद, भूमि अर्जन वाद, सेवा सम्बन्धित वाद अन्य दीवानी वाद, अन्य प्रकृति के वाद जो न्यायालयों में छोटे-छोटें प्रकृति के मामलें लम्बित हो), के अतिरिक्त पारिवारिक, वैवाहिक विवादों के प्रीलिटिगेशन मामलों तथा प्रीलिटिगेशन स्तर पर विभिन्न बैंको, वित्तीय संस्थाओं एवं विभागों में लम्बित, प्रीलिटिगेशन स्तर के मामलों का भी निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जाना है। अपर जिला जज, पूर्णकालीन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम कुमार द्वारा प्रातः 10:30 बजे पुस्तकालय सभागार, दीवानी न्यायालय पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए न्यायालयों में लम्बित, प्रीलिटिगेशन स्तर पर निस्तारण करने के लिए 146146 मामले चिन्हित किये गये हैं। उन्होंने वादकारीगण से अपेक्षा की है कि वे अपने मामले का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में कराने के इच्छुक हो तो सम्बन्धित न्यायालय, कार्यालय में उपस्थित होकर अपने मामले का निस्तारण कराकर राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें।

## भूमाफियाओं की बढ़ रही गतिविधियों पर एसोसिएशन ऑफ़ ह्यूमन राइट्स ने उठाया मुद्दा




**हाथरस।** जनपद में भूमाफियाओं की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स के कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में यह मुद्दा उठा। संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष सौरभ सिंघल ने बताया कि उन पर हाल ही में एक भूमाफिया और उसके साथियों ने हमला किया। यह घटना अटलांटिस ग्रीन, इंडस्ट्रियल एरिया में आयोजित एक संगीत समारोह के दौरान हुई।

आरोपियों ने उन्हें 6 महीने के अंदर जान से मारने की धमकी भी दी। राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय ने कहा कि भूमाफिया पुराने किराएदारों को धमकाकर बाहर निकालने का काम करते हैं। वे विवादित जमीनों को कम कीमत पर खरीदकर उन पर कब्जा करते हैं।उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में भले ही भूमाफियाओं पर कार्रवाई हो रही है, लेकिन हाथरस में उनकी गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। पीड़ित सौरभ सिंघल ने पुलिस से अपनी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। साथ ही एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। इनका कहना है कि इन भूमाफियाओं के खिलाफ पहले भी मुकदमे दर्ज हैं लेकिन फिर भी स्थानीय पुलिस प्रशासन इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। यह माफिया बड़े-बड़े अधिकारियों और प्रदेश सरकार के मंत्रियों से अपने संबंध बताते हैं। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष उपवेश कौशिक भी मौजूद रहे। संगठन ने पुलिस प्रशासन से भू माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## सीडीओ ने विकास भवन में 50 क्षय रोगियों को पोषण पोटली का किया वितरण

### पशु चिकित्सा विभाग द्वारा 50 क्षय रोगियों को लिया गया है गोद



**अलीगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन स्थित सभागार में पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पशुपालन विभाग द्वारा गोद लिए गए 50 क्षय रोगियों को पोषण पोटली प्रदान की गई। सीडीओ ने कहा कि मा0 राज्यपाल महोदया की विशेष पहल पर जिले भर के अधिकारियों एवं स्वयंसेवी एवं निजी संस्थाओं द्वारा बड़ी संख्या में टीबी रोगियों को गोद लेकर उनको पोषण किट उपलब्ध कराना सराहनीय कदम है। उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग द्वारा क्षय रोगियों के हित में की गई पहल को अनुकरणीय बताते हुए अन्य विभागीय अधिकारियों से भी इस दिशा में कार्य करने का आव्हान किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि पशु चिकित्सा विभाग के विभिन्न पशु चिकित्साधिकारियों द्वारा 50 क्षय रोगी गोद लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 06 माह तक प्रत्येक माह 50 क्षय रोगियों को पोटली वितरित कर लाभान्वित किया जायेगा। इस अवसर पर सभी उपमुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, पशुचिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के उप क्षय चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभाग द्वारा गोद लिये गये क्षय रोग से पीडित मुस्कान, लज्जादेवी, बर्षा एवं द्रोपती सहित 50 रोगियों को पशुपालन विभाग के अधिकारियों के सहयोग से 50 पोटली वितरित की गई।

## जिले में संभावित बाढ़ से निपटने के लिए डीएम ने की बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक

### बाढ़ राहत के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के दिए निर्देश



**अलीगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन की अध्यक्षता में वर्ष 2025 में संभावित सूखा एवं बाढ़, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि प्रबंध योजना का क्रियान्वयन किए जाने के साथ ही प्रभावित व्यक्तियों को तत्काल राहत एवं पुनर्वास सुविधा प्रदान किए जाने के संबंध में कलैक्ट्रेट सभागार में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आहूत की गई। डीएम ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सभी प्रकार की तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई व नोडल अधिकारी भरत राम ने विभागीय जिम्मेदारियों एवं दायित्वों व अब तक की गई तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि गंगा किनारे के संभावित बाढ़ प्रभावित ग्रामों और यमुना नदी के तटबन्धों का निरीक्षण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि गंगा नदी पर कोई तटबंध नहीं है जबकि यमुना नदी पर 28.20 किलोमीटर लम्बाई में तटबन्ध है जिसमें से जिले में लगभग 16 किलोमीटर का तटबंध शामिल है। गंगा नदी में भीमगौड़ा बैराज हरिद्वार से छोड़ा गया पानी लगभग 60 घंटे में सांकरा गंगा क्षेत्र में पहुँचता है इसी प्रकार हथिनीकुण्ड बैराज यमुना नगर हरियाणा से छोड़ा गया पानी लगभग 72 घंटे में टप्पल यमुना क्षेत्र में पहुँचता है। उन्होंने बताया कि संभावित बाढ़ के दृष्टिगत सुरक्षात्मक कार्यों के लिए गंगा नदी क्षेत्र में 04 एवं यमुना नदी क्षेत्र में 05 सुरक्षा समितियों का गठन कर लिया गया है। जिले में दूरभाष नंबर 0571-2703075 एवं 7818832408 के माध्यम से बाढ़ कंट्रोल रूम का संचालन 01 जून से 31 अक्टूबर तक 24 घंटे किया जाएगा। डीएम ने बाढ़ चौकियों, राहत शिविरों के संबंध में भी स्थान तय करते हुए निरीक्षण व स्थापना संबंधी कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की टीमों का गठन कर 24 घंटे के लिए रोस्टर तैयार कर ड्यूटियां लगा दी जाएं। उन्होंने गोताखोरों एवं आपातकालीन संपर्क नंबरों को भी उचित स्थान पर प्रदर्शित करने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग को दवाइयों की उचित व्यवस्था, कृषि विभाग को पशुओं के लिए चारा की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भीषण गर्मी का प्रकोप अपने चरम पर है, गर्मी एवं लू को ध्यान में रखते हुए जनसामान्य को राहत पहुंचाने के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि गंगा व यमुना के तटीय क्षेत्र में बाढ़ से संभावित बाढ़ से प्रभावित ग्रामों में प्राथमिकता से हर घर जल योजना के कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करें ताकि आपात स्थिति में पेयजल की समस्या न हो।

**तहसील अतरौली क्षेत्र में गंगा नदी में संभावित बाढ़ से प्रभावित ग्राम :**

गंगा नदी में जलस्तर बढ़ने से तहसील अतरौली क्षेत्र के 4495 हैक्टेयर क्षेत्रफल में 17 ग्रामों- दीनापुर, गनेशपुर, हामिदपुर, रूस्तमनगर, नगला जोगिया, सीकरी, गहतौली गंग, नगला आलिया, गोपालपुर, हारूनपुर अहतमाली, हारूनपुर गैर अहतमाली, नगावली सकूरगंज, सांकरा, टोडरपुर अहतमाली, टोडरपुर गैर अहतमाली, किरतौली व नगला सीसई में बाढ़ की संभावना बढ़ जाती है, जिससे लगभग 19500 की आबादी प्रभावित होती है।

**तहसील खैर क्षेत्र में यमुना नदी में संभावित बाढ़ से प्रभावित ग्राम :**

यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने से तहसील खैर क्षेत्र के 3032 हैक्टेयर क्षेत्रफल में 13 ग्रामों- पीपली, घरवरा, किशनगढ़, लालपुर, रैयतपुर, मिलक, नरवारी, मालव, महाराजगढ़, शेरपुर, नगला अमर सिंह, रामगढ़, ऊंटासानी एवं पखोदना में बाढ़ की संभावना बढ़ जाती है, जिससे लगभग 30 हजार की आबादी प्रभावित होती है। बैठक में एडीएम वित्त एवं प्रभारी अधिकारी आपदा मीनू राणा, डीएसओ अभिनव सिंह, डीएओ धीरेन्द्र सिंह चौधरी, सीवीओ डा0 दिवाकर त्रिपाठी, बीडीओ अतरौली वेद प्रकाश, बीडीओ अवधेश कुमार मिश्रा, तहसीलदार कृष्ण गोपाल समेत संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली विशाल शौर्य सम्मान रैली




**हाथरस।** वीर योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर और पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने वाली भारतीय सेना के सम्मान में फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के डायरेक्टर डॉ. विकास शर्मा के संयोजन में शहर में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के मनोबल को बढ़ाने के लिए शौर्य सम्मान रैली का आयोजन किया गया।हाथों में तिरंगा थाम वंदे मातरम, भारत माता की जय, भारतीय सेना आगे बढ़ो, पाकिस्तान में बम बरसाओ हम तुम्हारे साथ साथ है के जयकारों के साथ रैली निकाली गई।रैली की शुरुआत वरिष्ठ समाजसेवी फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के डायरेक्टर डॉ. विकास शर्मा के नेतृत्व में चार पहिया और बाइक रैली से हुई।रैली में कई सामाजिक संगठन एवं अन्य संभ्रांत बंधुओं व युवाओं ने भागीदारी निभाई।जोशीले बाइकर्स को देखकर फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर पर दर्शकों की भारी भीड़ जमा हो गई। डॉ. विकास शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। इस रैली का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना और उनके साहसी काम को सम्मानित करना है। उन्होंने कहा कि यह रैली युवाओं को प्रेरित करने के लिए आयोजित की गई , ताकि वे देश की रक्षा में लगे जवानों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर सकें।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज, अधिक से अधिक वादों एवं मामलों का होगा निस्तारण

### अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वादकारियो को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लाभ दिए जाने हेतु की गई अपील

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार मा0 जनपद न्यायाधीश श्री संजय कुमार मलिक के मार्गदर्शन में जनपद में दिनांक 10.05.2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा0 दिव्यानंद द्विवेदी जी के द्वारा यह बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संजय कुमार मलिक जी द्वारा प्रातः 10:30 बजे दीवानी न्यायालय परिसर आगरा के गेट संख्या एक के समीप स्थित पार्किंग स्थल में किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में, समस्त बैंक, फाइनेंस कंपनी, मोटर वाहनों के चालान एवं जनपद आगरा की समस्त न्यायालयों में, एमएसीटी कोर्ट, वर्चुअल कोर्ट, लारा कोर्ट वाणिज्य न्यायालय, उपभोक्ता फोरम एवं समस्त बीडीओ कार्यालय, तहसील अपर पुलिस आयुक्त कार्यालय सभी स्थानों में राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों एवं मामलों के निस्तारण के लिए सभी कार्यालय खुले रहेंगे, वादकारी अपने वादो का निस्तारण संबंधित विभाग के कार्यालय में उपस्थित होकर करा सकता है। इसके अतिरिक्त डॉ दिव्यानंद द्विवेदी, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा के द्वारा आगरा प्रशासन से यह अपील की गई है कि वादकारियो को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लाभ दिए जाने का प्रयास करें।

## वित्तपोषित इकाई, पुरस्कार हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय से प्राप्त करें पुरस्कार फार्म

### न्यूनतम पूँजी निवेश पर अधिकतम रोजगार प्रदान करने वाली 04 इकाईयों की सूची परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी, कार्यालय आगरा मण्डल को की जायेगी प्रेषित

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** प्रबन्धक ग्रामोद्योग/जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्रीमती नीतू यादव ने ग्रामोद्योग विभाग से ऋण लेने वाले उद्यमियों को सूचित करते हुए अवगत कराया है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, की प्रधानमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत जिला ग्रामोद्योग कार्यालय आगरा से वित्तपोषित इकाई जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में न्यूनतम 03 वर्ष पुरानी स्थापित निरन्तर कार्यरत इकाई, उत्कृष्ट कार्य करने वाली इकाई, न्यूनतम पूँजी निवेश पर अधिकतम रोजगार प्रदान करने वाली 04 इकाईयों की सूची परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी, कार्यालय आगरा मण्डल आगरा को प्रेषित की जायेगी। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि पुरस्कार फार्म जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, कार्यालय 60. नारायण विहार पश्चिमपुरी सिकन्दरा, आगरा से प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं, अधिक जानकारी के लिए मो0नं0-9580503123 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## क्षत्रिय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर सदर विधायक की निधि से निर्मित

### महाराणा प्रताप चौक व प्रतिमा का सांसद अनूप प्रधान ने किया लोकार्पण




**हाथरस।** क्षत्रिय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर आज शहर के नगला भुस तिराहा आगरा रोड पर सदर विधायक श्रीमती अंजुला माहौर की विधायक निधि से निर्मित महाराणा प्रताप चौक का लोकार्पण भारी धूमधाम से आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर चौक का लोकार्पण सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि ने किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा उपस्थित थे। लोकार्पण समारोह को दिनेश शर्मा ,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सीमा उपाध्याय,चौक एंव मूर्ति उद्घाटनकर्ता सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि ,सदर विधायक श्रीमती अंजुला माहौर आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप न केवल एक योद्धा थे, बल्कि स्वतंत्रता और सम्मान के लिए संघर्ष करने वाले अमर नायक थे। यह मूर्ति हमारे क्षेत्र में उनके बलिदान और साहस की स्मृति को चिरस्थायी बनाएगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश प्रताप गाँधी पूर्व विधायक सिकन्द्राराऊ ने की। कार्यक्रम का कुशल संचालन कृष्ण मुरारी वार्ष्णेय ने किया।पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव आर्य ने कहा कि यह महाराणा प्रताप चौक न केवल महाराणा प्रताप के अमर बलिदान को श्रद्धांजलि है, बल्कि क्षेत्रवासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत भी बनेगा।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, सिकन्द्राराऊ विधायक वीरेंद्र सिंह राणा, रामेश्वर उपाध्याय ब्लॉक प्रमुख,श्रीमती डौली माहौर, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती पूनम पाण्डेय,मास्टर सत्यपाल सिंह, रामवीर सिंह परमार,मंडल अध्यक्ष स्मृति पाठक, मूलचंद वार्ष्णेय, प्रदीप शर्मा, योगेश सेंगर, आकाश सिंह, अंकित गौड, महेश वर्मा, मथुरा प्रसाद गौतम, सुनील गौतम,रमेश राजपूत,एसपीएस चौहान,राजेश सिंह गुड्डू, बृजेश चौहान, अविनाश तिवारी, प्रेम सिंह कुशवाहा, रूपेश उपाध्याय, संजय सक्सेना, मोहन पंडित,अमित भारद्वाज, अंकुर सिसोदिया, अनिल सिसोदिया, राज प्रधान, गौरव गंगचोली,नरेश प्रधान, बृजेश चौहान, सुरेंद्र सिंह पुंडीर, अनिल सिंह, नरेंद्र ग्रोवर, सत्येंद्र सिंह, विपुल लुहारिया, रविकांत अग्रवाल, नीटू शर्मा,अजय रावत, विवेक रावत, शिवदेव दीक्षित, धर्मेंद्र उपाध्याय,विष्णु बघेल,रजत अग्रवाल, अनिल मितनपुर, प्रमोद मदनावत, दिनेश शर्मा,ठा. रविंद्र पाल सिंह,ठा. जोगिंदर पाल सिंह,मोहित बघेल,रजत चौधरी,विष्णु तोमर,नीरज प्रताप सिसोदिया ,नीरेश सिंह,नारायण लाल,सुरेश चौधरी सभासद,नन्हे सभासद,अतुल चौधरी सभासद, मोहित बघेल आदि मौजूद थे।

## उ. प्र.ग्रामीण बैंक के एनपीए ऋण खाते लोक अदालत में बंद करने पर मिलेगी छूट

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक महाप्रबंधक आर. एस. वर्मा ने अवगत कराया है कि यदि कोई ग्राहक हमारे बैंक से लिए गए पुराने ऋण को किसी परेशानी की वजह से समय से जमा नहीं कर सके हैं और जो भी एन.पी.ए. ऋण खाता उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में हमारे परिक्षेत्र की शाखाओं में चल रहे हैं, उसको बैंक नियमानुसार छूट का लाभ लेकर बंद करा सकते हैं ।इस अवसर का लाभ उठाने के लिए जल्द से जल्द शाखा प्रबंधक से संपर्क करें या 10 मई को दीवानी कचहरी पर लगने वाली लोक अदालत अथवा अपनी संबंधित शाखा में उपस्थित होकर अपने ऋण को जमा करायें द्य यह जानकारी वरिष्ठ प्रबंधक हिमांशु शर्मा द्वारा दी गई है।



## पत्नी और बेटी के हत्यारोपी अब्दुल रशीद को पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली, गिरफ्तार

**सांध्य पहल संवाददाता**



**आगरा।** पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के आदेशानुसार और पुलिस उपायुक्त नगर सोनम कुमार के निर्देशन में अपराध और अपराधियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में, मुखबिर खास से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने खतैना निवासी अब्दुल रशीद को गिरफ्तार कर लिया है। अब्दुल रशीद पर अपनी पत्नी और 9 वर्षीय बेटी की हत्या का आरोप है और वह घटना के बाद से फरार चल रहा था। उसका नाम अब्दुल रशीद पुत्र अब्दुल वहीद, निवासी खतैना, थाना जगदीशपुरा, आगरा है।मुखबिर ने सूचना दी थी कि अब्दुल रशीद आज जयपुर की तरफ से आकर पथौली बिचपुरी नहर के पास से कहीं और भागने की फिराक में है। इस सूचना पर एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी के नेतृत्व में

**थाना प्रभारी जगदीशपुरा कुँवरपाल सिंह**

अपनी पुलिस फोर्स के साथ बिचपुरी नहर के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वांछित अभियुक्तों की चेकिंग कर रहे थे। तभी पुलिस ने एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया, लेकिन वह पुलिस को देखकर भागने लगा और पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की गई, जिसमें अभियुक्त अब्दुल रशीद के बाएं पैर में गोली लग गई। पुलिस ने तत्काल घायल अभियुक्त को उपचार के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा है, जहां उसका इलाज चल रहा है। उपचार के बाद उससे विस्तृत पूछताछ की जाएगी।अभियुक्त अब्दुल रशीद के विरुद्ध पहले से ही थाना जगदीशपुरा में मु.अ.सं. 207/25 धारा 103(1), 85 बीएनएस दर्ज है, जो उसकी पत्नी और बेटी की हत्या से संबंधित है। पुलिस मामले में आवश्यक कानूनी कार्यवाही कर रही है।

## बाह क्षेत्र के दो लूट काण्ड का पर्दाफाश : हथियारों, आभूषणों और बाइक संग दो लुटेरे गिरफ्तार, दो फरार



**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** बाह थाना क्षेत्र में लगातार हो रही लूटपाट की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। बाहर पुलिस और सर्विलांस पूर्वी की संयुक्त टीम ने विक्रमपुर तिराहा से इन बदमाशों को दबोचा। इनके दो साथी अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।पुलिस के अनुसार 21 अप्रैल को रुस्तम नामक व्यक्ति जब अपनी पत्नी को भिंड से छोड़कर लौट रहा था, तभी उगनपुरा मोड़ के पास बदमाशों ने उसकी बाइक, सोने की दो अंगूठियां, एक चेन और ?8,000 नकद लूट लिए थे। इसके अगले दिन 22 अप्रैल को सिरसागंज निवासी बाबी कुमार से नौरंगी घाट के पास लूटपाट हुई। बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचे के बट से हमला कर उसकी पत्नी से चांदी की करधनी, मंगलसूत्र और कुंडल लूट लिए।

**गिरफ्तार लुटेरे और बरामद माल**

दोनों ही लूट के मामलों में पुलिस ने सुमित उर्फ कल्लू यादव निवासी अतापुर, थाना नसीरपुर, फिरोजाबाद और अमन पुत्र सतेंद्र उर्फ करू, निवासी प्रहलादपुर, थाना बरनाहर, मैनपुरी को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक अवैध तमंचा (315 बोर), दो जिंदा कारतूस, चांदी की करधनी, पीली धातु का आभूषण, वनप्लस मोबाइल, 1,410 रुपये नकद और लूटी गई अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

**ये दो अभियुक्त फरार हैं**

पुलिस के अनुसार लूट की इन दोनों वारदातों में विकास पुत्र मोहन सिंह, निवासी ततारपुर, थाना नसीरपुर, फिरोजाबाद और सत्यम पुत्र शिव कुमार, निवासी प्रहलादपुर, थाना बरनाहर, मैनपुरी भी शामिल थे।

ये दोनों अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी की कोशिशें की जा रही हैं।पुलिस ने दोनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है, जबकि फरार लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## कोषागार आगरा में माह अप्रैल में 2292 पेंशनर्स के जीवन प्रमाण-पत्र कोषागार को प्राप्त न होने से पेंशनर्स का नहीं हुआ भुगतान

### समस्त पेंशनर जिन्होंने अपना जीवित प्रमाण-पत्र प्रेषित नहीं किया है , वे अपना जीवित प्रमाण पत्र सही-सही भर कर करें प्रेषित

**सांध्य पहल संवाददाता**

आगरा.09.05.2025.मुख्य कोषाधिकारी श्रीमती रीता सचान जी ने अवगत कराया है कि कोषागार आगरा में माह अप्रैल में 2292 पेंशनर्स के जीवन प्रमाण-पत्र कोषागार को प्राप्त न होने के कारण पेंशन का भुगतान नहीं किया जा सका है। अतः ऐसे समस्त पेंशनर जिन्होने अपना जीवित प्रमाण-पत्र प्रेषित नहीं किया है। वो अपना जीवित प्रमाण पत्र सही-सही भर कर मान्य माध्यमों से ही प्रेषित कराये ताकि पेंशन शीघ्र भेजी जा सके। साथ ही मृत पेंशनरों की सूचना समय पर अतिशीघ्र कोषागार को सीधे या किसी के माध्यम से या पेंशनर संघों के माध्यम से भी प्रेषित करायें। अभी भी 92 लाख रुपये की धनराशि मृत पेंशनरों के परिवारिजनों पर बकाया है। अतः बैंकों / परिवारिजनों से अनुरोध है कि शीघ्र राजकोष में धनराशि जमा करायें। यदि यह धनराशि जमा नहीं करायी जाती तो इस मई माह में ही यथा आवश्यकता मृत पेंशनरों के परिवारिजनों की एवं बैंकों को आर0सी0 जारी की जायेगी। कोषागार द्वारा ऐसे सभी मृत पेंशनरों के पतों पर एवं बैंकों को पत्र प्रेषित किये जा चुके है व किये जा रहे हैं। आज दिनांक 09.05.2025 को मा0 वित्त मंत्री जी के द्वारा निर्देश दिये गये कि 15 दिन के भीतर वसूली की कार्यवाही करके सूचित किया जाये। पेंशनर संघों से भी सम्पर्क कर मृत पेंशनरों की सूचना प्राप्त की जाये। कोषागारों में पेंशनरों के लिये मूलभूत सुविधायें यथा पेंशनर कक्ष, शौचालय, पानी इत्यादि की व्यवस्था की जाये। मेरिट पर काम किया जाये।

## योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में मेडिकल सेवाओं को किया अलर्ट

- आगरा में भी स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां हुई रद्द
- शहर को 10 सेक्टर में बांटा, हर सेक्टर में एक रैपिड रिस्पांस टीम को किया तैनात
- जिला स्तर पर स्वास्थ्य विभाग ने तीन टीम बनाई, टीम में स्पेशलिस्ट, पैरामेडिकल स्टाफ

**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** भारत- पाकिस्तान में बढ़ते तनाव को देखते हुए योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में मेडिकल सेवाओं को अलर्ट कर दिया है। आगरा में स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियों को कैंसिल कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर को 10 सेक्टर में बांटा गया है। आपात स्थिति में घायलों के इलाज के लिए शहर के 30 निजी अस्पतालों को चिन्हित किया गया है। हर सेक्टर में एक रैपिड रिस्पांस टीम तैनात की गई है। इसके अलावा तीन टीम डिस्ट्रिक्ट लेवल पर भी बनाई गई हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद आगरा में स्वास्थ्य सेवाओं को अलर्ट मोड पर है। इसके लिए शहर को 10 सेक्टर में बांटा गया है। हर सेक्टर पर एक टीम तैनात की गई है। इस टीम में दो चिकित्सक, चार पैरा मेडिकल स्टाफ है। इसके अलावा जिला स्तर पर तीन टीमें बनाई गई हैं। इस टीम में पांच विशेषज्ञ चिकित्सक हैं, जिनमें एनेस्थेटिस्ट से लेकर ऑर्थोपेडिक सर्जन तक हैं।

दो पैरामेडिकल स्टाफ भी होगा। उन्होंने बताया कि दवाओं का स्टॉक भर लिया गया है।

इंजेक्शन से लेकर दवाएं तक भरपूर हैं। इसमें जलने, दर्द के लिए इंजेक्शन भी हैं। इसकी 20 किट बनाई गई है, जिसमें से 10 रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) के पास और 10 किट कंट्रोल रूम में रखी जाएंगी। कंट्रोल रूम सीएमओ आवास पर बनाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सभी स्टाफ नर्सों को भी एलर्ट मोड पर रखा गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) से भी 10- 10 लोगों की टीम बनाने के निर्देश दिए गए हैं। यह टीम ब्लॉक लेवल पर काम करेगी। एंबुलेंस की संख्या भी काफी है। इनमें 108 नंबर की 42, एएलएस 4 और 102 नंबर की 36 एंबुलेंस हैं।

इसके अलावा 20 मोटरसाइकिल तैयार की गई हैं, जो आपात स्थिति में तुरंत मूव करेंगी। उन्होंने बताया कि आपात स्थिति में घायलों के इलाज के लिए एक से तीन किलोमीटर के परिधि के हिसाब से 30 निजी अस्पतालों को चिन्हित किया गया है। हर प्राइवेट अस्पताल में 10-10 बैड, एक ओटी, वेंटीलेटर के दो बैड तैयार रखने को कहा गया है। इसके अलावा अस्थायी अस्पताल बनाने के लिए भी पूरी तैयारी है।

## शिकायत करने गए दिव्यांगों के दो पक्ष आपस में भिड़े



**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** भारतीय दिव्यांग संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बॉबी गोला व महिला अध्यक्ष समीना पर कलेक्ट्रेट परिसर में जानलेवा हमला, मारपीट,गाली गलौज व जान से मारने की धमकी,परिसर में सुरक्षा कर्मी मूक दर्शक बने रहे। हमलावरों को रोकने की कोशिश नहीं की गई। भारतीय दिव्यांग संगठन की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष समीना ने आसरा सेंटर के देवेन्द्र सविता के विरुद्ध थाना नाई की मंडी पर तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की हैं।शनिवार को किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह की अगुवाई में जिलाधिकारी व पुलिस आयुक्त से मिलकर प्रकरण से अवगत कराया जाएगा। किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को जिलाधिकारी से मिलने पंहुचे दिव्यांग संगठन के कार्यकर्ता। किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह व दिव्यांग संगठन के बॉबी गोला ने 07 नवम्बर 2024 को ऐलमिको के आसरा सेंटर संचालक देवेन्द्र सविता की बिकलांगों के साथ धौखाधड़ी, अवैध वसूली व घोटाले की शिकायत की गई, जाँच के दौरान देवेन्द्र सविता पर आरोप सही पाए जाने पर ऐलमिको ने देवेन्द्र सविता से सेंटर हटा दिया, लेकिन शासन प्रशासन ने दोषी पाए जाने पर भी आसरा के संचालक देवेन्द्र सविता पर कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की गई,दोषी पर कार्यवाही कराने व धन वसूली के किये जाने की मांग को लेकर भारतीय दिव्यांग संगठन के कार्यकर्ता किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी से शिकायत करने पहुंचे, शिकायत की सूचना मिलने पर बौखलाये आसरा सेंटर के संचालक देवेंद्र सविता दर्जन भर साथियों के साथ कलेक्ट्रेट प्रांगण में पहुंचकर हमला कर दिया। एलमिको के आसरा सेंटर के पूर्व संचालक देवेंद्र सविता व फरीन ने भारतीय दिव्यांग संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बॉबी गोला व महिला की राष्ट्रीय अध्यक्ष समीना पर अन्य दर्जनभर साथियों ने मिलकर जानलेवा हमला, मारपीट, गालीगलौज व जान से मारने की धमकी दी गई।किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह व भारतीय दिव्यांग संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बॉबी गोला ने कलेक्ट्रेट परिसर में हमला करने वालों पर तत्काल शासन प्रशासन से हमलावरों पर कड़ी कार्यवाही की जाए।

## 200 रुपये के इंजेक्शन के लिए करता है चोरीः आगरा के न्यू आगरा क्षेत्र में पकड़ा युवक, पुलिस के हवाले किया

**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** थाना न्यू आगरा में एक कूड़ा बीनने वाले युवक को लोगों ने पकड़ लिया। लगातार दो दिन से वो एक निर्माणाधीन घर में घुसकर तारें चुरा रहा था, सीसीटीवी में कैद हो गया। कल रात लोगों ने उसे घर से पकड़ लिया। उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया है। युवक का कहना है कि 200 रुपये के नशे के इंजेक्शन के लिए वो चोरी करता है। रवि कुमार ने बताया कि दो दिन से रात में एक युवक उनके घर में घुसकर चोरी कर रहा था। उनका न्यू आगरा में घर बन रहा है। वो रात में तारें चुराकर ले जाता था। सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो युवक दिख गया। दो दिन के बाद वो कल रात लगभग तीन बजे भी घर में चोरी करने के लिए घुसा। लोगों ने उसे पकड़ लिया। उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वो लोहामंडी क्षेत्र का रहने वाला है। वहीं नाले के पास एक लड़का नशे के इंजेक्शन देता है। एक इंजेक्शन के 200 रुपये लेता है। इस इंजेक्शन को वो हाथ में लगाते हैं। इंजेक्शन सप्लाई करने वाला लोहामंडी में हनुमान मंदिर के पास आता है। लोहामंडी नाले के नीचे युवक नशे के इंजेक्शन लगाते हैं। जिससे नशा होता है। इसी नशे के इंजेक्शन के लिए चोरी करते हैं।



**काफी नुकसान कर चुका है**

रवि कुमार का कहना है कि युवक कई मीटर लंबी तारें काट कर ले गया। इसके अलावा कई सामान भी उठाकर ले गया। कैमरे में देखा तो पता चला कि एक युवक सिगरेट पीते हुए आता है। हाथ में कूड़ा बीनने वाला थैला होता है। सुबह 3 4 बजे आता है। आसपास के कुत्ते भी उसे देखकर भौंकते हैं। अपने साथ प्लास लेकर आता है, जिससे तारें काटता है। पूछताछ के दौरान युवक इतना नशे में था कि वो सही से जवाब नहीं दे पा रहा था।

## 01 अगस्त से प्रशिक्षणदायी संस्थाओं द्वारा चयनित प्रशिक्षणार्थियों का कम्प्यूटर प्रशिक्षण होगा प्रारम्भ

### दिनांक 11-06-2025 से 10-07-2025 तक ओ लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत अभ्यर्थी कर सकते हैं आवेदन

**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, श्रीमती विजय लक्ष्मी मौर्या ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा पिछड़े वर्ग के शिक्षित (इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण) बेरोजगार युवक/युवतियों हेतु संचालित ओ लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षण प्रदान कराये जाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम की समय सारिणी निर्गत की गयी है। उन्होने बताया है कि दिनांक 13-05-2025 से 27-05-2025 तक नीलिट से ओ लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु मान्यता प्राप्त संस्थाओं (आवेदन की अंतिम तिथि तक संस्था की मान्यता वैलिड हो) द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विभागीय वेबसाइट https://backwardwelfareup.gov.in एवं https://obccomputer-training.upsdc.gov.in पर दिये गये लिंक पर ऑनलाइन आवेदन किया जाना एवं मान्यता से सम्बन्धित अभिलेखों व आधारभूत ढाँचे तथा दिये गये प्रारूप पर नोटरी शपथ-पत्र का विवरण अपलोड करने के साथ हार्ड कॉपी संबंधित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा कराया जा सकता है। उन्होने यह भी बताया है कि दिनांक 30-05-2025 तक संस्था द्वारा भरे गये ऑन लाइन आवेदन में अंकित सूचनाओं का जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा अभिलेखीय/भौतिक सत्यापन किया जाना तथा सत्यापन रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड करते हुए आवेदन को अपने अभिमत सहित डिजिटल हस्ताक्षर से सत्यापित किया जायेगा और दिनांक 10-06-2025 तक निदेशालय स्तर पर गठित राज्य स्तरीय समिति द्वारा जनपद स्तर पर प्रशिक्षण देने हेतु संस्थाओं का चयन करना। उन्होने अभ्यार्थियों को सूचित करते हुए बताया है कि दिनांक 11-06-2025 से 10-07-2025 तक अभ्यर्थी द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन एवं शैक्षिक व अन्य अभिलेखों को अपलोड़ तथा आवेदन की प्रति डाउनलोड कर समस्त अभिलेखों सहित निर्धारित तिथि तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में हार्ड कापी जमा कराई जा सकती है। उन्होने आगे यह भी अवगत कराया है कि दिनांक 24-07-2025 तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों एवं अभिलेखों का प्रिंट प्राप्त करना, आय, जाति प्रमाण पत्र व अन्य शैक्षिक अभिलेखों का ऑनलाइन सत्यापन करना एवं उनकी जाँच कराई जायेगी। प्रशिक्षण हेतु पात्र आवेदकों को सत्यापित कर लॉक करना तथा अपात्र/त्रुटिपूर्ण आवेदनों को निरस्त करें के साथ ही निदेशालय द्वारा संस्थावार / पाठ्यक्रमवार आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष जिला स्तरीय चयन समिति के अनुमोदनोपरान्त चयनित अभ्यर्थियों को सत्यापित कर डिजिटली लॉक किया जाना तथा शेष प्रशिक्षणार्थियों की प्रतीक्षा सूची तैयार की जायेगी तथा दिनांक 25-07-2025 से 31-07-2025 तक चयनित अभ्यर्थियों का सम्बन्धित संस्था द्वारा संस्था में प्रवेश लेते हुये उनका निलिट में रजिस्ट्रेशन कराना तथा प्रवेश न लेने वाले अभ्यर्थियों के सापेक्ष प्रतीक्षा सूची से पोर्टल पर एलाटमेन्ट करते हुए प्रवेश दिलाना तथा सूचना ऑनलाइन लॉगिन पर अपडेट किया जाना तथा छात्रों का आधार आधारित बायोमैट्रिक/फेशियल ऑथन्टिकेशन के माध्यम से उपस्थिति हेतु प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी और 01-08-2025 से प्रशिक्षणदायी संस्थाओं द्वारा चयनित प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण प्रारम्भ कराया जायेगा।

## डीसीपी आफिस के बाहर धरने पर बैठा सेना का जवानः घर में हो गई थी चोरी, चोर तो पकड़े लेकिन जेवरात नहीं मिले

**सांध्य पहल संवाददाता**



**आगरा।** सेना का एक जवान परिवार के साथ डीसीपी आफिस के सामने धरने पर बैठ गया। जवान का कहना है कि उसे ड्यूटी पर वापस जाना है। मगर, उसकी सुनवाई नहीं हो रही। ऐसे में उसे मजबूरन धरना देना पड़ रहा है। मामला जगदीशपुरा थाने के सहदेव नगर, बोदला का है। चीन की सीमा पर तैनात सेना में हवलदार दिनेश सिंह 11 अप्रैल को अपने परिवार के साथ शादी में गांव गए थे। पीछे से चोर घर के ताले चटका कर लाखों रुपए के जेवरात और 35000 की नकदी ले गए। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर दो चोरों को पकड़ कर जेल भेज दिया, लेकिन जेवरात बरामद नहीं किए। फौजी शुक्रवार को अपने परिवार के साथ कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठ गए। फौजी का कहना है कि कई बार थाने के चक्कर काटने के बाद भी पुलिस फरार चोरों को नहीं पकड़ रही है और न ही जेवरात बरामद कर रही है। उन्हें ड्यूटी पर जाना है।

## जुमे पर तिरंगा लेकर पहुंचे नमाजीः भारत की जीत और आतंकवाद के खात्मे की मांगी दुआ

### हिंदुस्तान जिंदाबाद का किया उद्घोष

**सांध्य पहल संवाददाता**



**आगरा।** पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इसके बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के कई शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की। भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण माहौल में आगरा में जुमे की नमाज में आतंकवाद के खात्मे के लिए दुआ की गई। हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए। जणआगरा की शाही जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के लिए बड़ी संख्या में नमाजी तिरंगा झंडा लेकर पहुंचे। नमाज में उन्होंने जंग में भारत की जीत के लिए दुआ मांगी। पाकिस्तान से पनप रहे आतंकवाद के खात्मे के लिए भी दुआ की गई। नमाज के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने मस्जिद के बाहर हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। लोगों का कहना था कि इस समय पूरा देश एकजुट है। हिंदू मुस्लिम भाईचारा बना रहे। वहीं, सिकंदरा मस्जिद में भी भारत की जीत के लिए दुआ की गई।

## क्यूआर कोड से बच्चों को मिल रही तमाम जानकारी



**हाथरस।** क्यूआर कोड एक प्रकार का बारकोड है, जिसे डिजिटल डिवाइस द्वारा आसानी से पढ़ा जा सकता है, और जो चैकोर आकार के ग्रिड में फिक्सेल की एक श्रृंखला के रूप में जानकारी संग्रहीत करता है। क्यूआर कोड का उपयोग अक्सर आपूर्ति श्रृंखला में उत्पादों के बारे में जानकारी ट्रैक करने के लिए किया जाता है, क्योंकि कई स्मार्टफोन में अंतर्निहित क्यूआर रीडर होते हैं। उत्तर प्रदेश में विद्यार्थियों को क्यूआर कोड का उपयोग करके विभिन्न विषयों की जानकारी प्रदान की जा रही है। शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कंपोजिट स्कूल बसई काजी में शिक्षिका पूनम दीक्षित ने बताया उन्होंने बताया कि क्यूआर कोड से ऑनलाइन संसाधनों, पाठ्यपुस्तकों के अतिरिक्त अध्यायों, और अन्य उपयोगी सामग्री तक पहुँच प्रदान करने में मदद करती है। क्यूआर कोड के माध्यम से छात्र आसानी से अपनी शिक्षण सामग्री और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी तक पहुँच सकते हैं। शिक्षिका पूनम दीक्षित द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नित नए नवाचार में क्यूआर कोड निर्माण कर विभिन्न विषयों की जानकारी दी जा रही है। इको क्लब फॉर मिशन लाइफ कार्यक्रम के अंतर्गत क्यू आर कोड की सहायता से विभिन्न पेड़ पौधों के बारे में बच्चों को बताया जा रहा है।

## हाईवे निर्माण में जमीन अधिग्रहण पर मुआवजा को लेकर दिया धरना

**हाथरस।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) द्वारा आज निर्माणाधीन मथुरा-बरेली हाईवे में जमीन अधिग्रहण के मुआवजे को लेकर कलेक्ट्रेट में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है। धरना में यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा.भानु प्रताप सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान व किसान यूनियन के कार्यकर्ता शामिल हैं। कलेक्ट्रेट पर धरना देते भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि मथुरा बरेली हाईवे निर्माण में ठा. अवधेश कुमार का कोल्ड स्टोरेज तोड़ा गया है और कोल्ड स्टोरेज की कीमत 25 करोड़ रुपए थी। लेकिन मुआवजा मात्र 11 करोड़ 70 लाख रुपए तय किया गया। उन्होंने अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि किसानों की अन्य समस्याएं भी हैं। इनका समाधान नहीं हो पा रहा। इसी को लेकर वह धरने पर बैठे हैं। धरने में जिलाध्यक्ष राम जादौन सहित किसान यूनियन के काफी पदाधिकारी और किसान मौजूद थे। किसानों ने जमकर नारेबाजी भी की। इस मौके पर वहां पुलिस फोर्स भी मौजूद था।



## संपादकीय

# जातीय जनगणना : पिछड़े समुदायों को हासिल क्या होगा?

सवाल वही है- पिछड़े समुदायों को हासिल क्या होगा? उनका पिछड़ापन दूर करने का एजेंडा ना तो सामाजिक न्याय की पार्टियों के पास है, ना इस सियासत में नई रंगी कांग्रेस के पास, और ना ही भाजपा के पास। इसमें शायद ही कोई संशय था कि केंद्र की भाजपा सरकार देर-सबेर जातिगत जनगणना कराने पर राजी हो जाएगी। वजह यह है कि सत्ताधारी दल के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 1990 के दशक में 'सोशल इंजीनियरिंग' की जो अवधारणा अपनाई, उसका जातियों की अलग-अलग गिनती और उनकी अलग पहचान को मान्यता देने से कोई बुनियादी विरोधी नहीं है। दरअसल, यह तरीका सामाजिक न्याय की पार्टियों की ओबीसी या दलित के रूप में संबंधित जातियों की संगठित पहचान उभारने की कोशिश की एक प्रभावी काट है। इस तरीके को आगे बढ़ाते हुए भाजपा ने मंडल और बहुजन राजनीति को हाशिये पर धकेल दिया है। इसके बावजूद उन पार्टियों ने जातीय जनगणना की मांग के जरिए भाजपा पर दबाव बनाने का गुमराह दांव खेला। अब आम जनगणना के साथ जातीय गणना का निर्णय लेकर भाजपा ने उससे उपजी सियासी फायदे की संभावना को हथिया लिया है। मगर सवाल वही है- इससे पिछड़े समुदायों को हासिल क्या होगा? आर्थिक, सामाजिक या शैक्षिक पिछड़ापन दूर करने का एजेंडा ना तो सामाजिक न्याय की पार्टियों के पास है, ना इस सियासत के रंग में नई रंगने वाली कांग्रेस के पास, और ना ही भाजपा के पास। अधिक से अधिक इन सबके पास सरकारी नौकरियों एवं शिक्षा संस्थानों में आरक्षण की सीमा बढ़ाने का एजेंडा है, जो आज के निजीकरण के दौर में बहकावे के अलावा कुछ नहीं है। निजी क्षेत्र में आरक्षण वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था के तहत लगभग नामुमकिन है। तो घूम-फिर कर बात भावनाओं के तुष्टीकरण पर टिक जाती है। ठीक उसी तरह जैसे भाजपा के हिंदुत्व से हिंदुओं की रोजमर्रा की समस्याओं का कोई हल नहीं निकला है, भले उनके एक बड़े हिस्से को इस भ्रम से तसल्ली मिलती हो कि अब उनका राज है! चूंकि पिछड़ेपन के बुनियादी कारणों को दूर करने और वास्तविक सामाजिक परिवर्तन का कोई एजेंडा पूरे राजनीतिक दायरे में नहीं है, इसीलिए यह बेहिचक कहा जाएगा कि जातिगत जनगणना पर बनी आम सहमति प्रतिगामी है। किसी देश का इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि उसका पूरा राजनीतिक नेतृत्व प्रगतिशील कार्यक्रमों पर चर्चा के बजाय सर्व-सम्मति से उसे प्रतिगामी पथ पर ले जाए!

# नेकी नौ कोस बदी सौ कोस

(सुधाकर आशावादी -विनायक फीचर्स)



अभिव्यक्ति की आज़ादी पर लगाम कसना कभी कभी ज़रूरी हो जाता है। ज़रूरी इसलिए भी कि बिना लगाम कसे घोड़े को मनमानी दौड़ करने से रोकना मुश्किल जो होता है। आजकल सोशल मीडिया पर रील बनाने का चलन है, खासकर महिलाओं में सेलिब्रिटी बनने का भूत सवार है। लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए कोई भी किसी भी हद से गुज़र सकता है। इतिहास गवाह है कि नेकी नौ कोस बदी सौ कोस तक फैलती है।

निंदा को लोग चाव से सुनते हैं, किसी की प्रशंसा को नही। फ़िल्मों में भी खलनायक की भूमिका नायक से अधिक पसंद की जाती है। इसी का अनुसरण करने में यू ट्यूबर भी जुटे रहते हैं। लोकप्रियता जब सर चढ़कर बोलती है, तो चींटियों के भी पर उग आते हैं। आसमान से धरती पर आदमी भी कीड़े मकोड़े से दिखाई देते हैं। सारा खेल ही नजरिए का है। जिसका जैसा नजरिया उसका वैसा विमर्श। यदि किसी व्यक्ति, परिवार या समूह के प्रति मन में निष्ठा का भाव है, तो उस भाव को सिद्ध करने के लिए व्यक्ति मनमाने तर्क देकर अपनी ही बात को श्रेष्ठ करने का प्रयास करता रहेगा। एक मित्र से चर्चा करने के उपरांत यह निष्कर्ष निकला कि वह जो भी जिस प्रकार से देखना चाहते हैं, वैसा ही देखते हैं। यह अपनी अपनी दृष्टि का विषय है। विभिन्न रोजगारों में जुटे लोग केवल अपने मतलब तक सीमित रहते हैं, मसलन दर्जी अपने सामने से गुजरने वाले शख्स के परिधानों की बनावट, डिजाइन पर नजर गढ़ाता है, तो ड्राईक्लीन करने वाला या धोबी कपड़ों की सफाई और करीने से की गई प्रेस से दूर की गई सलवटों पर।

ऑटो मैकेनिक आती जाती स्कूटी या बाइक के मॉडल और फिटनेस पर। लेखक अन्य लेखकों की रचनाओं पर। यानी जो स्वयं को जिस क्षेत्र का महारथी समझता है, वह उसी क्षेत्र में अपनी पैनी नजर का उपयोग करता है। उसका नजरिया भी अलग होता है। सामान्य व्यक्ति की दृष्टि और विशेषज्ञ की दृष्टि अलग अलग होती है। अधिवक्ता कानूनी पहलुओं को देखता है और चिकित्सक स्वास्थ्य से जुड़े पक्ष को। इन सबके अतिरिक्त एक प्रजाति ऐसी है, जिसका नजरिया समय के साथ बदलता है। उस प्रजाति से जुड़े लोग देश, काल और अपनी स्थिति के अनुसार ही अपने नजरिये में फेरबदल करते रहते हैं। न जाने कब वे सकारात्मक दृष्टि रखें और कब नकारात्मक कोई स्पष्ट नहीं कह सकता। आस्था के महाकुंभ में भी सभी ने अपनी अपनी नजर का कमाल दिखाया, किसी ने जल धाराओं के संगम में स्नान को आडम्बर कहा, तो किसी ने आस्था का विषय। किसी ने करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए की जाने वाली व्यवस्था को सराहा तो किसी ने व्यवस्था में कमियों का ही विश्लेषण किया। किसी ने अपनी दृष्टि भगदड़ में कुचली गई मृत मानव देह की गिनती को बढ़ा चढ़ाकर अफवाहें फैलाई तो किसी ने स्नान स्थल की सफाई व्यवस्था को ही कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया।

किसी ने महाकुंभ को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया, तो किसी ने इसे जातीय छुआछूत तक ही सीमित करने का प्रयास किया। निसंदेह 'जाकी रही भावना जैसी, तिन देखी प्रभु मूरत वैसी' कहावत चरितार्थ हुई। यानि लाशों को देखकर गिद्धों की आँखों में चमक आ गई, संवेदनशील लोगों ने मानवीय रिश्तों में आत्मीयता को महसूस किया। श्रद्धालुओं ने आस्था के संगम में पुण्य की अनुभूति की। रोजी रोटी की तलाश में भटक रहे लोगों ने रोजगार देखा, मानवीय संवेदनाओं के प्रति समर्पित लोगों ने जाति विहीन व्यवस्था को प्रत्यक्ष रूप से देखा व बिना किसी भेदभाव के संगम स्नान किया। आम आदमी ने सनातन संस्कृति की जन जन को जोड़ने वाली परम्परा का जीवंत उदाहरण देखा। यही स्थिति पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर हुई। किसी ने हमले में धार्मिक आतंक के दर्शन किए, किसी ने सुरक्षा बलों को लापरवाह सिद्ध किया। सच किसी ने नही जाना। बहरहाल जिसने जो भी देखा, वह अपनी इच्छा और अपने नजरिए के अनुसार देखा या ये कहे कि जो जैसा भी देखना चाहता था, उसने वैसा ही देखा। वैसे भी यदि सभी एक सा सोचने लगें, एक सा देखने लगें, एक ही दिशा में दौड़ने लगें, तो तर्क की अवधारणा ही समाप्त हो जाएगी। व्यापक चिंतन दिशाओं के लिए अपने अपने नजरिए अपनी अपनी सोच किसी भी स्थिति में गलत नहीं कही जा सकती। फिर भी सत्य यही है कि लोग अपने अपने पूर्वाग्रहों में ही जीते हैं, अपने इर्द गिर्द अपने अपने चिंतन आकाश बुनने की उन्हें स्वतंत्रता प्राप्त होती है और यह स्वतंत्रता उनके मौलिक अधिकारों में निहित होती ही है।

## शब्द सामर्थ्य -043

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 ■ | 2 | 3 | 4 | 3 ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | | 8 | ■ | |
| 9 | | | 8 ■ | 10 | | | | |
| | 10 ■ | | ■ | ■ | 11 ■ | 12 | 13 ■ | |
| 14 ■ | 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | | ■ | 20 ■ | 15 | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | 18 | 19 | | | 24 ■ |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | ■ | 26 ■ | 21 ■ |
| | ■ | | ■ | 23 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 042 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | ■ | ■ | ■ | खा | म | खाँ |
| णे | ■ | ल | ■ | झ | प | की | ■ | ■ |
| श | र | ब | त | ■ | रं | ■ | ■ | मि |
| ■ | ज | गा | ना | ■ | प | रा | का | ष्ठा |
| ■ | नी | र | ■ | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | ■ | ■ | प | ■ | ■ | य | ■ |
| म | र | णा | स | न्न | ■ | पा | नी | ■ |
| ची | ■ | ■ | प | ■ | पा | ■ | ■ | भो |
| न | ज | रा | ना | ■ | स | मा | चा | र |

## सु- दोकू क्र.043

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.042 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# विश्वास की डोर टूटने न पाए

(डॉ. फ़ौजिया नसीम 'शाद' -विनायक फीचर्स)



हम अपने जीवन में विश्वास को साख़, ऐतबार, भरोसा, यक़ीन आदि नामों से जानते हैं। यह एक अत्यंत कीमती भावना है, जो कठिन तपस्या और अनुभवों के पश्चात प्राप्त होती है। हर व्यक्ति इसमें दक्ष नहीं हो सकता, क्योंकि विश्वास करना अपने आप में एक बड़ी शक्ति है-यही वह डोर है जो हमें जीवन के संघर्षों से जोड़कर रखती है।

**विश्वास जीवन की आधारशिला**

विश्वास वह शक्ति है जिससे हम संसार को जीतने की क्षमता प्राप्त करते हैं। जब हम स्वयं पर या किसी अन्य पर विश्वास करते हैं, तब यह हमारे रब (ईश्वर) पर हमारी आस्था का भी प्रतीक होता है। यह भावना हमारे मन में उत्साह का संचार करती है, और कठिन समय में भी हमें सकारात्मकता की ओर प्रेरित करती है। हमारे जीवन में जो कुछ भी अच्छा या बुरा घटित होता है, वह हमारे रब की मर्ज़ी से ही होता है। वही है जो हमारी परेशानियों को दूर करने की क्षमता रखता है। यह विश्वास ही हमें दुखों और चुनौतियों से लड़ने की ताक़त देता है। भविष्य अनिश्चित है, लेकिन विश्वास सुनिश्चित करता है,किसी को नहीं पता कि हमारे जीवन में आगे क्या घटेगा, हम आज जीवित हैं कल न हों, फिर भी हम अपने विश्वास की डोर थामे आगे बढ़ते रहते हैं। यही विश्वास हमें आशा देता है कि हर परिस्थिति के पार भी कुछ बेहतर छिपा है।

विश्वास प्रेम का दूसरा रूप- प्रेम और विश्वास एक-दूसरे के पूरक हैं। विश्वास वह आशा है जो हमें अपने रब पर यक़ीन करना सिखाती है। इसकी ताक़त से बड़े से बड़े कार्य भी सरल हो जाते हैं, जबकि इसके बिना छोटे कार्य भी कठिन प्रतीत होते हैं।

**विश्वास को समझें कुछ महत्वपूर्ण बिंदु-**

* विश्वास एक सीमा तक ही उचित होता है; इसकी अति अंधविश्वास बन जाती है, जो हानिकारक होती है।
* हमें सदैव विश्वास की गरिमा बनाए रखनी चाहिए।
* किसी का विश्वास जीतने के लिए, पहले उसके प्रति सच्चे और ईमानदार रहें।
* स्वयं पर विश्वास करें, यही आत्मविश्वास की नींव है।
* विश्वास संघर्ष की स्थिति में भी शक्ति देता है।
* यह धर्म, नीति और समाज का आधार है।
* विश्वसनीय लोगों को समाज में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।
* विश्वास का धागा कच्चा होता है एक बार टूट जाए तो फिर से जुड़ना कठिन होता है।
* विश्वास कमाने में वर्षों लग जाते हैं, लेकिन टूटने में एक क्षण ही पर्याप्त होता है।
* संबंधों में विश्वास को कभी भी परिस्थितियों के आगे टूटने न दें।

निष्कर्ष- विश्वास हमारे जीवन की बुनियाद है। इसके बिना न तो संबंध बनते हैं, न ही मन की शांति मिलती है। यह आत्मबल देता है, प्रेम को गहराता है और हमें ईश्वर से जोड़ता है। इसीलिए, कभी न टूटे विश्वास की डोर... यही जीवन की सच्ची जीत है।

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिला सकता है। आज पारिवारिक रिश्ते में गहराई और अपनापन आपको महसूस होगा। किसी कारण से पिताजी आपको नई जिम्मेदारी दे सकते हैं, जिसे आप पूरी तरह निभाएंगे। जमीन जायदाद से जुड़े काम पूरे हो सकते हैं। आज साझेदार की गतिविधियों पर ध्यान दें। रोजगार में नई उपलब्धि मिलने के योग बन रहे हैं। घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी होगी। आज भरोसेमंद और खास व्यक्ति आपको बेहतर सलाह देंगे।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपको बड़ी खुशखबरी भी मिलने वाली है। आज अपना हर काम योजनाबद्ध तरीके से करना और अपने काम के प्रति एकाग्र चित्त होना आपको सफलता देगा। आज कुछ नजदीकी यात्रा होने के योग भी बन रहे हैं। आज विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देंगे, जल्द ही सफलता आपके कदम चूमेंगी। आज बिजनेस संबंधी ज्यादातर काम ठीक से पूरे हो जाएंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ घर के जरूरत का सामान खरीदने मार्केट जाएंगे।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष आयोजन में जाने का मौका मिलेगा और नई जानकारियां सीखने को मिलेगी। आज खर्चो की अधिकता रहेगी, लेकिन साथ ही आय के साधन बढ़ने से परेशानी नहीं होगी। आज बच्चों का परिणाम देखकर मन में तसल्ली रहेगी। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे। आज आपको यह ध्यान रखना होगा कि नकारात्मक विचार आपके मनोबल को कमजोर कर सकते हैं। आज पर्सनल लाइफ से संबंधित किसी भी प्रकार का रिस्क लेने से परहेज करेंगे।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। आज ऑनलाइन शॉपिंग और मस्ती वाली गतिविधियों में समय बीतेगा। आज आपको किसी निकट संबंधी के घर जाने का मौका मिलेगा। आज अन्य गतिविधियों में व्यस्तता की वजह से आपका खुद का महत्वपूर्ण काम अधूरा रह सकता है। आज बच्चों की गतिविधियों और संगति पर कड़ी नजर रखेंगे। आज कारोबार सम्बन्धी फैसले जल्दबाजी में न लें।

**सिंह** — आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज परिवार संबंधी किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह-मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे भी सामने आएंगे। आज मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में समय बीतेगा। आज आपके बच्चे नकारात्मक गतिविधियों और संगति से दूरी बनाकर रखेंगे। आज व्यावसायिक व्यवस्था को बनाए रखने में आपका योगदान जरूरी है। आज बाहरी व्यक्ति आपके कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में कुछ समस्याएं डाल सकता है। आज कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाने से उनकी कार्य क्षमता बेहतर होगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही में सफलता मिलेगी। आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आपको सशक्त महसूस करेंगे। आज घर के किसी सदस्य को बड़ी सफलता मिलने से घर का वातावरण उत्सव जैसा होगा। इस समय काम करने के तरीके में बदलाव करने की जरूरत है, कारोबारी गतिविधियां अच्छी रहेंगी। आज नौकरी में जिम्मेदारी पर गंभीरता से ध्यान दें। पारिवारिक सदस्यों का आपसी सहयोग घर के वातावरण को सुखद और मधुर बनाकर रखेगा।

**तुला** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग की सहायता मिल जाएगी। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। अपनी ऊर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें। किसी कठिन परिस्थिति में आपको लोगों से आसानी से मदद मिल जाएगी।

**वृश्चिक** — आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे। आज कारोबार में आपको फायदा होगा। इस राशि के बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष फलदायी है। आज सामाजिक कार्यों में मन लग सकता है। आज सेहत अच्छी रहेगी। आज आप कुछ नये विचारों पर काम कर सकते हैं। ऑनलाइन व्यापार कर रहे लोगों को आज बड़ा ऑर्डर मिलेगा। कुल मिलाकर आज का दिन बढ़िया रहने वाला है।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको वाद-विवाद से दूर रहना होगा। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे। आर्थिक रूप से आज आपको सफलता मिलेगी। आज आपका काम बेहतर ढंग से पूरा होगा। बच्चे आज खेल कूद में व्यस्त रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मकर** — आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला है। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं, लेकिन पढ़ाई में अभी और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। लवमेट के रिश्तों में सुधार आएगा। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपके सारे काम असानी से पूरे हो जाएंगे।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जाएगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनाएंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी क्रिएटिव फील्ड मजबूत होगी। बिल्डर्स के लिए आज का दिन अच्छा है, नये कॉन्ट्रैक्ट से बड़ा मुनाफा होगा। किसी सामाजिक समारोह में आपकी भागीदारी होगी। अपने घर को डेकोरेट करवाने का विचार कर सकते हैं, घर में सुख समृद्धि बनी रहेगी।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। कार्यस्थल पर आपका काम अच्छा चलेगा। आपको किसी काम में मदद की जरूरत रहेगी, इस मामले में दोस्त से सलाह मिल सकती है। पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम पूरे हो सकते हैं । कामकाज निपटाने के नए तरीके भी आपको मिलेंगे। विद्यार्थी आज काम और पढ़ाई में बैलेंस बनाकर चलेंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। राजनीति में आपकी छवि मजबूत बनेगी, ज्यादा लोगों से आप जुड़ेंगे।

## कहानी

# कहां है स्वर्ग

(उषा जैन शीरीं - विनायक फीचर्स)

दर्द से कराहते हुए सुहानी ने घुटनों पर हाथ रखा और बमुश्किल खड़ी हुई। उसने अपनी दृष्टि चारों ओर घुमाई आलीशान डबल बेड। इंपोर्टेड फर्नीचर। बेड के अपोजिट साइड में मुलायम गद्देदार मैहरून कलर का मिनी सोफा। दीवाल से लगा बड़ा-सा मिरर और अर्द्ध गोलाकार बड़ी-सी ड्रेसिंग टेबल जिस पर तरह-तरह के प्रसाधन और परफ्यूम्स करीने से सजे थे। उसके पति दत्त साहब ने यह बेडरूम बड़े चाव से उसके लिए एंटीरियर डिजाइनर से तैयार करवाया था। यह कमरा इतना खुला और कोजी था कि उसका ज्यादा समय इसी में गुजरता।

उसे पढ़ने का शौक था। ढेर-सी मेगजींस और किताबें शेल्फ में रखी थीं। दूसरी ओर कलर टीवी और स्टीरियों जिसके साथ बड़े-बडे स्पीकर थे जो दीवार पर सफाई से लगे थे। नामी कलाकारों की नायाब पेंटिंग्स से पूरा कमरा सजा था। सुहानी गुजरे जमाने की हीरोईन है। अपने को उसने आज भी पूरी तरह मेंटेन कर रखा है। अपने जमाने में वह लाखों दिलों की मलिका, औरतों की ईर्ष्या मिश्रित प्रशंसा का बायस हुआ करती थी।

सुबह के आठ बज रहे थे। नाश्ते के लिए उसने बैल बजाई। थोड़ी ही देर में जगत उनके नाश्ते की ट्रे ले आया। दो सूखे टोस्ट, ऑरेंज ज्यूस कुछ फ्रूट्स और .... बस यही सब होता था नाश्ते में। जगत उनका शोफर, खानसामा, अर्दली, मैनेजर पी.ए. माली गरज यह कि %वन इन ऑल% सेवक था। उसके होते वे बाहरी झंझटों से काफी हद तक मुक्त थीं, लेकिन भीतर के द्वंद्व तो स्वयं उन्हें ही झेलना थे।

जगत, नाश्ते का सामान समेटते हुए लंच में क्या बनेगा पूछ रहा था। आज मैं लंच नहीं लूंगी। तुम अपने लिए ही कुछ बना लेना सुहानी बोली।

बाहर जाने के लिए तैयार होते हुए वह अतिरिक्त रूप से उत्साहित थी। उसने फिरोजी कलर का सिल्क का एम्बाइडरी किया सूट पहना जो वह अपनी पाकिस्तान की ट्रिप में वहां से लाई थी। दत्त साहब कहा करते थे उस पर फिरोजी कलर खूब फबता है उसके साथ मैचिंग एक्सेसरीज। नीलम और हीरे जड़ित एक हल्का-सा नेकलेस और मैचिंग लटकनें पहनकर वह गजब ढा रही थी।

जगत, गाड़ी गैराज से निकालकर पोर्टिको में खड़ी कर चुका था। वह घर से प्रोड्यूसर मलिक के यहां पहुंचीं। मलिक साहब का सेक्रेटरी खुराना उन्हें अच्छी तरह पहचानता था। उसने आदर से उन्हें बैठाया। कोल्डड्रिंक मंगवाया। उनके हालचाल लेने के बाद उसने मलिक साहब को इन्फार्म किया कि सुहानीजी आई हैं।

मलिक ने सुहानी की बदौलत करोड़ों रुपए कमाए थे। जब सुहानी ने उसकी पहली फिल्म %कली गुलाब की% साइन की थी तब वे दोनों ही अस्तित्वहीन थे। पिक्चर सुपर-डुपर हिट हो गई और उसके साथ ही दोनों के भाग्य का सितारा भी चमक उठा। उसके बाद तो लगातार उन्होंने कई हिट फिल्में दीं। हीरो की तरह सुहानी के पति भी फिल्मों के साथ बदलते रहे।

दत्त उनका चौथा पति था जिसे सुहानी ने नहीं छोड़ा था, बल्कि वे स्वयं ही मर के उन्हें छोड़ गए थे।

मलिक सत्तर के करीब पहुंच रहा था, लेकिन कद काठी से अभी मजबूत अपनी उम्र से दस बरस कम लगता था।

वह आज भी बाल डाई करके बढ़िया सूट-बूट में परफ्यूम की फिजां महकाता छैला बना रहता था। सुहानी से कभी उसके अंतरंग जिस्मानी रिश्ते रह चुके थे, लेकिन अब वे पुरानी बातें थीं।

मलिक को हालांकि सुहानी का आना उबाऊ लग रहा था लेकिन आमतौर पर वो बहुत डिप्लोमेट आदमी था और किसी से रिश्ते आसानी से बिगड़ने नहीं देता था। सुहानी उससे अरसे से काम मांग रही थी। मलिक एक नई पिक्चर बना रहा था। उसमें मां का एक छोटा-सा रोल था जो वह सुहानी को ऑफर कर रहा था। गरीब मां का जो हुलिया होगा उसकी तस्वीर, उसके सामने उसे मुंह चिढ़ाने लगी फिर जब बेटे का रोल करने वाले का नाम उसने देखा, क्रोध से उसका चेहरा तमतमा गया। सत्येंद्र उसका पूर्व पति था। क्या मलिक ने उसको बेइज्जत करने के लिए बुलाया है।

%मलिक, हाउ केन यू...!% कहते-कहते सुहानी का गला भर आया। आंखों का पानी था कि अब टपका अब टपका। मलिक बेशर्मी से मुस्करा रहा था। वह अब अपने असली रूप में आ गया।

'यही प्रॉब्जम है तुम औरतों के साथ। सच्चाई को स्वीकारना ही नहीं चाहतीं। वक्त अपने साथ हुस्न जवानी सब ले जाता है। बाकी जो रह जाता है उस पर कितनी ही लीपा-पोती की जाए, बात नहीं बनती।'

सुहानी का अब पूरी तरह से मोह भंग हो चुका था। उसे मलिक से ऐसे हृदयहीन व्यवहार की आशा नहीं थी। फिल्मी दुनियां में अपनी जगह बनाने के लिए उसने बहुत से समझौते किए थे अपनी पहचान और स्वाभिमान दोनों को भुलाकर ही वह ऊंचाई तक पहुंच पाई थी।

कास्टिंग काउच के बारे में उसने सुन रखा था, लेकिन लोगों का जो घिनौना रूप उसे इस चकाचौंध भरी दुनिया में देखने को मिला उसमें कईयों के मुखौटे उतर गए थे। ऊपर से शरीफजादे, पूरी तरह घर-परिवार को समर्पित लोगों का असली चेहरा देखा है उसने। प्रतिस्पर्धा और खुदगर्जी का ऐसा घिनौना प्रदर्शन और यह चरित्रहीन बूढ़ा मलिक।

घर लौटते हुए वह सुदूर अतीत की यादों में खो गई। वे तीन बहनें और चार भाई थे। घर में बहुत ऐशो आराम से तो नहीं रहते थे। लेकिन खाने-पीने की कमी न थी। घर का बड़ा-सा मकान था। पिताजी प्रॉपर्टी डीलर थे। उसने बी.ए. तक पढ़ाई की फिर दो साल खाली बैठी रही इसी बीच उसे हीरोईन बनने की धुन सवार हो गई।

हीरोईन की खोज में मलिक उन दिनों भटक रहा था। वह उनके शहर में भी आया। सुहानी के पास फिगर, सुंदर नयन-नक्श और दमकता रंग था। मलिक की खोज पूरी हुई। उसे सुहानी में अपना चमकता भविष्य नजर आया।

वह प्रसिद्धि की सीढियां तेजी से चढ़ती गई। उसने घर वालों को कांटैक्ट करने की बार-बार कोशिश की, लेकिन पिताजी ने एक ही वाक्य कहकर फोन काट दिया था 'तुम हमारे लिए मर चुकी हो।' छोटा भाई अनिरुद्ध आया था उससे मिलने, लेकिन उसके दूसरे नंबर के पति ने उसे बेइज्जत कर घर से भगा दिया था। यह बात उसे शूटिंग से आने के बाद नौकरों से पता चली थी। आज उसके पास बैंक बैलेंस, नौकर-चाकर, गाड़ी, बंगला सब कुछ है, लेकिन बावजूद इसके वह निहायत अकेली हो गई है। उसकी कमाई के लालची पतियों ने उसे मां नहीं बनने दिया। हर बार उसका एबॉर्शन करा दिया गया। कभी कुछ खिला कर, कभी इमोशनली ब्लैकमेल करके।

उसे सुनीता याद आ गई। उसकी मुश्किल घड़ियों में सुनीता ने उसका हमेशा साथ दिया। उस जैसी लड़कियां तो ईश्वर ने अब खैर बनानी ही बंद कर दी है।

स्वाभिमानी निर्भीक और प्यार और अपनत्व से भरी। अपने परिवार के लिए उसने अपना जीवन उत्सर्ग कर दिया था। जितने भी रिस्की और ज्यादा एक्सापोजर वाले सीन थे वह उसी से कराये जाते।

ऐसे ही एक स्टंट सीन करते हुए सुनीता बहुत बुरी तरह घायल हो गई थी। अस्पताल तक ले जाते समय बीच में ही उसने प्राण त्याग दिए। उसकी मौत पर सुहानी बहुत रोयी थी। उसने सुनीता के परिवार वालों की काफी मदद की, लेकिन वह उनकी सुनीता कहां से लौटाती।

घर आ गया था और उसके साथ ही एक गहरी उदासी, वीरानगी और तनहाई एक साथ उसके स्वागत के लिए खड़ी थीं।

कोठी के बाहर सुनहरी हर्फों में लिखा एलजियम मानों उसका उपहास उड़ा रहा था। 'एलजियम-फ्रैंच में जिसका अर्थ है 'स्वर्ग'। क्या यह घर कभी स्वर्ग बन सका? स्वर्ग तो वह तभी होता न जब उसमें प्यार करने वाला पति और निश्छल प्यार लुटाने के लिए अपने बच्चे होते। दुनिया ने उसे छला। उसने भी लोगों को मूर्ख बनाया। हिसाब बराबर। फिर जिन्दगी से कैसा गिला-शिकवा।

किससे करे वो शिकवा-शिकायत, कोई हमदम कोई सहारा... उसके पास तो खालीपन के सिवा कुछ भी नहीं।

गहरे अवसाद में डूबी वह यंत्र चलित-सी अपने कमरे में पहुंची। फ्रिज से उसने पानी की बॉटल निकाली। नींद की ढेर-सी गोलियां लीं और पानी के साथ एक-एक कर सारी गटक लीं। फिर तकिए में मुंह छिपाकर हमेशा के लिए आराम की नींद सो गई।

# जनजातीय कला और कलाकारों पर है मां सरस्वती का आशीष : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के जनजातीय कला और कलाकारों ने देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है। जनजातीय समृद्ध कला विरासत और इसके कलाकारों को मां सरस्वती का आशीष प्राप्त है। जनजातीय कलाकारों की कल्पनाशीलता प्रशंसनीय है। एक सधे और गढ़े हुए हाथों से बारीक चित्रकारी कर जनजातीय कलाकारों ने पूरी दुनिया को अपना हुनर दिखाया है। हमारी सरकार सभी जनजातीय कलाओं के संरक्षण और कलाकारों को प्रोत्साहन देने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में 3 दिवसीय राज्य स्तरीय आदि शिल्पग्राम महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हमारी सरकार विरासत से विकास की ओर बढ़ने के संकल्प के अनुरूप सभी प्राचीन कला, संस्कृति, परंपराओं और इनके कलाकारों को संरक्षण दे रही है। गोंड चित्रकला को जीआई टेग प्राप्त हो चुका है, जो इस चित्रकला और इससे संबंधित चित्रकारों को वैश्विक सम्मान मिलने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी प्रकार की जनजातीय शिल्प, चित्रकारी और कलाकारों को उनकी कला प्रदर्शन एवं बाजार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न आयोजनों के जरिए समुचित मंच प्रदान करने का प्रयास कर रही है। हमने केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रदेश के संपूर्ण जनजातीय वर्ग को विकास मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं और विकास कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं। इन योजनाओं को जमीन पर उतारने का काम तेजी से प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय पराक्रम, शौर्य और बलिदान के प्रतीक राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह और राजा हृदय शाह के मंडला स्थित प्राचीन किले के जीर्णोद्धार के लिए 15 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय की महान विभूतियों को समुचित सम्मान मिले, इसके लिए राजधानी भोपाल में अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन का नाम रानी कमलापति स्टेशन रखा गया है। क्रांतिसूर्य टंट्या मामा के नाम से खरगौन में विश्वविद्यालय की शुरुआत भी की गई है। रानी दुर्गावती की धरती पर मंत्रि-परिषद की बैठक कर हमने उन्हें सम्मान दिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देश के सीमा पार से बढ़ती अतिवादी घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए की जा रही प्रतिरक्षा कार्यवाही के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना को बधाई और साधुवाद देते हुए कहा कि हमें अपनी सेना पर पूरा विश्वास है। हमारी सेना मजबूती से राष्ट्र की सीमाओं पर तैनात है। हम एक सामर्थ्यवान देश के नागरिक है, जो हमारी संप्रभुता और नागरिकों पर आघात करेगा, हम बड़ी मजबूती से उसका जवाब देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने देश को आर्थिक रूप से मजबूती देते हुए तीनों सेनाओं को भी मजबूत और अत्याधुनिक हथियारों से लैस किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीमा पार अतिवाद को प्रतिकूल उत्तर देने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्र सरकार का अभिनंदन किया। उन्होंने दुनिया के सामने अतिवाद का काला चिट्ठा पेश करने वाली मध्यप्रदेश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया की तीन पीढ़ियां सेना में रही हैं। वे देश में मध्यप्रदेश की शान बढ़ा रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में भगवान बिरसा मुंडा और रानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर 3 दिवसीय जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव का शुभारंभ किया। इससे पहले उन्होंने महोत्सव में जनजातीय कला और खान-पान को प्रदर्शित करते स्टॉल्स का अवलोकन किया और यहां लकड़ियों पर चित्रकारी, मिट्टी से बनी आकृतियां और कपड़ों पर चित्रकारी और जनजातीय व्यंजनों की मुक्तकंठ से सराहना की। महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 1000 जनजातीय शिल्प एवं चित्रकला से जुड़े कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जीआई टेग प्राप्त गोंड पेंटिंग के 4 प्रमुख कलाकारों श्री आनंद श्याम, डिंडौरी जिले के श्री वेंकट, श्रीमती रामबाई और श्रीमती धनैया को अथॉराइज्ड यूजर कार्ड वितरित किए। इसी प्रकार जनजातीय कलाकारों श्री कुंवर बैगा, सुश्री अनिस बाई एवं श्रीमती कीर्ति किशन को विशेष प्रशिक्षण किट वितरित की। यह किट राष्ट्रीय डिजाईन संस्थान भोपाल की ओर से जनजातीय कलाकारों के लिए तैयार की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा स्थित श्री बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय पर केन्द्रित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया।

जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि बदलते दौर में जनजातीय कला, संस्कृति और परम्पराओं के विलुप्त होने की आशंका बढ़ती जा रही है। इसीलिए हमारी सरकार जनजातीय महोत्सव, ट्राइबल आर्ट फेयर जैसे आयोजन कर जनजातीय कला-संस्कृति के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। जनजातीय कलाकारों और उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए शीघ्र ही प्रदेश स्तर पर जनजातीय क्षेत्रों में ट्राइबल मार्ट खोले जाएंगे। प्रारंभ में शहडोल, धार, खण्डवा एवं मंडला में ट्रायबल मार्ट खोले जा रहे हैं। इसके लिए योजना मद में एक-एक करोड़ रूपए व्यय किए जाएंगे। इन ट्रायबल मार्ट्स का संचालन स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाएगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय कला, संस्कृति, बोली, रहन-सहन, वेशभूषा, वाद्य यंत्र बजाना सीखने का प्रशिक्षण देने के लिए देश का पहला ट्रायबल हॉस्टल खण्डवा जिले के खालवा में स्थापित किए जाने की घोषणा की है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हृदय से आभार भी माना। उन्होंने कहा कि जनजातीय वर्ग के युवाओं और स्कूली छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें, इसके लिए राज्य सरकार ने सालाना बजट में 25 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इसके साथ ही 12वीं पास करने के बाद अगर कोई जनजातीय वर्ग का विद्यार्थी नीट, क्लेट और जेईई जैसी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहता है तो उसे भी प्रतिवर्ष 1.5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि/सहायता प्रदान की जाएगी।कार्यक्रम के आरंभ में प्रमुख सचिव श्री गुलशन बामरा ने 3 दिवसीय महोत्सव के आयोजन की रूपरेखा और इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा है कि जनजातीय कलाकारों को मंच मिले, इसलिए जनजातीय कलाओं की प्रदर्शनी लगाकर इसके कलाकारों को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए यह आयोजन किया गया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे आएं और इस प्रदर्शनी का अवलोकन कर जनजातीय कला और व्यंजनों का लुत्फ उठाएं।

अपर मुख्य सचिव एवं जनजातीय अनुसंधान एवं विकास संस्थान के संचालक श्री विनोद कुमार, राष्ट्रीय डिजाईन संस्थान, भोपाल के रजिस्ट्रार श्री कृष्ण बिरहमन, राजभवन में जनजातीय प्रकोष्ठ की सदस्या सुश्री दीपमाला रावत, आयुक्त जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजनाएं श्रीमती वंदना वैद्य, मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्री श्रीराम तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर सचिव श्री लक्ष्मण मरकाम सहित सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में जनजातीय कला प्रेमी उपस्थित थे।

## जनजातीय शिल्प को प्रोत्साहित करने के लिये प्रत्येक संभाग में खोले जायेंगे ट्रायबल मार्ट : मंत्री डॉ. शाह

**भोपाल ब्यूरो।** जनजातीय कार्य एवं गैस राहत मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि जनजातीय शिल्प को बाजार उपलब्ध कराने के लिये संभाग एवं ट्रायबल के 20 जिलों में ट्रायबल मार्ट खोले जायेंगे। उन्होंने कहा कि जनजातीय कलाकारों को उनके उत्पाद का पूरा मूल्य नहीं मिल पाया। सभी शिल्पकारों और कलाकारों को उनके उत्पाद के माध्यम से उचित मूल्य दिलाकर उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सुदृढ़ और सशक्त बनाया जायेगा। मंत्री डॉ. शाह शुक्रवार को रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय जनजातीय शिल्पग्राम महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर अतिथि कलाकारों को संबोधित कर रहे थे। तीन दिवसीय शिल्प महोत्सव में प्रदेश के जनजातीय कलाकारों द्वारा निर्मित विभिन्न शिल्प कलाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है।

## नागरिक सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा हमारा परम धर्म है और ताज़ा हालातों को देखते हुए सभी नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि जरूरी नागरिक सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, सभी विभाग अपनी-अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें और सुरक्षा के सभी आवश्यक ऐहतियाती कदम तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जोर देकर कहा कि राष्ट्र विरोधी किसी भी प्रचार पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए। नागरिकों को अफवाहों पर ध्यान न देने की लिए प्रेरित और सूचित करें। केंद्रीय और राज्य सरकार के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की चहुंओर सुरक्षा पर अत्यंत विशेष ध्यान दिया जाये। आपदा प्रबंधन के सभी उपाय एवं आवश्यकताओं जैसे स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवाओं को और मजबूत कर लें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की अद्यतन सुरक्षा व्यवस्थाओं, नागरिक सुविधाओं की स्थिति और विभागीय समन्वय की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आपसी तालमेल को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि किन्हीं भी आपातकालीन परिस्थितियों के लिए सभी विभाग तत्परता और सजगता के साथ तैयार रहें। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां सामान्य होने तक नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी और फील्ड अमला अवकाश पर न जाये।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव गृह श्री जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना, डीजी होमगार्ड श्री अरविंद कुमार, एडीजी गुप्तवार्ता श्री ए. साईं मनोहर, सैन्य अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# नागरिक देवों भवः के सिद्धांत पर अधिकारी करें कार्यः राज्यपाल पटेल

**भोपाल ब्यूरो।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों से कहा कहा है कि अतिथि देवों भव- के लोकाचार के समान नागरिक देवों भव- के सिद्धांत पर कार्य करने वाले अधिकारी के रूप में पहचान बनाएं। केवल प्रशासक के रूप में नहीं, विकसित भारत के वास्तुकार की तरह जिम्मेदारियों को समर्पण और करुणा के साथ पूरा करें।राज्यपाल श्री पटेल आर.सी.व्ही.पी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के प्रशिक्षु परिवीक्षाधीन भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल से भारतीय प्रशासनिक सेवा वर्ष 2024 के मध्यप्रदेश कॉडर के अधिकारियों ने राजभवन में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता मौजूद थे।राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश जनजातीय बहुल राज्य है। इसका विकास तभी संभव है, जब जनजातियों के कल्याण और विकास के प्रयासों में सहानुभूति और समानुभूति हो। उन्होंने कहा कि गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारी जो नीतियाँ है, जो निर्णय हुए है और जो काम वह कर रहे है, वह अगले हजार वर्षों के भविष्य को आकार देने वाले हैं। समय की मांग है कि प्रशासनिक अधिकारी कार्य प्रक्रिया और नीति निर्माण आने वाले वर्षों के समग्र भारत के विकास के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के अनुसार करें। भारत के समग्र विकास का मतलब यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी गांव, कोई भी परिवार और कोई भी नागरिक विकास के पथ पर पीछे नहीं छूटे।राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी को सेवक के भाव से कार्य करना चाहिए। व्यवहार और भाषा में विनम्रता और संवेदनशीलता जरूरी है। गरीबी, अभाव और अज्ञानता से जूझ रहे लोगों तक विकास को पहुँचाना प्रशासनिक अधिकारियों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि वंचितों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकसित भारत अभियान के द्वारा पूरी सरकार उनके द्वार पर पहुँची थी। राज्यपाल के रूप में स्वयं उन्होंने 21 जिलों में भ्रमण किया था। उन्होंने कहा कि अधिकारी के रूप में आपको वंचितों के प्रति सहानुभूति और समानुभूति के साथ कार्य करना होगा, इसलिए सबसे पिछड़े क्षेत्र और व्यक्तियों तक पहुँचने को प्राथमिकता दे। उनके अभावों, अपेक्षाओं और आवश्यकता का अनुभव करें। उनको दूर करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान ऐसे पालक मिलेंगे जो स्कूल दूर होने के कारण बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे होंगे। उनकी समस्या के समाधान में आपका सहयोग बहुत जरूरी है। उनको अपने व्यवहार से बताए कि आप उनके सेवक है। राज्यपाल श्री पटेल ने वंचित के घर पीने के लिए पानी मांगने का दृष्टांत सुनाया। अधिकारी ने वंचित वर्ग के घर पहुँच कर पीने का पानी मांगा। देर से पानी आने पर पीने से पहले विलंब का कारण पूछा, जब पता चला कि पानी का बर्तन मांग कर लाने के कारण विलंब हुआ है तो उन्होंने पानी नहीं पिया।



# मध्यप्रदेश–महाराष्ट्र अंतर्राज्यीय नियंत्रण मंडल की 28वीं बैठक आज

**भोपाल ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र अंतर्राज्यीय नियंत्रण मंडल÷ की 28वीं बैठक 10 मई को अपरान्ह 3 बजे से मंत्रालय वल्लभ भवन में होगी। इसी दिन विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज परियोजना ÷ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज÷ के एम.ओ.यू. पर मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र सरकार द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश के लिए यह सौभाग्य एवं गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन-बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के बाद यह मध्यप्रदेश की तीसरी महत्वपूर्ण अंतर्राज्यीय नदी परियोजना होगी। ÷ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना÷ विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड रिचार्ज परियोजना है। परियोजना के जरिए हम महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर ताप्ती नदी की तीन धाराएं बनाकर राष्ट्रहित में नदी जल की बूंद-बूंद का उपयोग सुनिश्चित कर कृषि भूमि का कोना-कोना सिंचित करेंगे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना को राष्ट्रीय जल परियोजना घोषित कराने के लिए केन्द्र सरकार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि ताप्ती बेसिन बहुउद्देशीय परियोजना में मध्यप्रदेश के जल हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना में 31.13 टी.एम.सी. जल का उपयोग होगा। इसमें से 11.76 टी.एम.सी मध्यप्रदेश को और 19.36 टी.एम.सी जल महाराष्ट्र राज्य के हिस्से में आएगा। इस परियोजना में प्रस्तावित बांध एवं नहरों से मध्यप्रदेश कुल 3 हजार 362 हैक्टेयर भूमि उपयोग में लाई जाएगी। परियोजना के अंतर्गत कोई गांव प्रभावित नहीं होगा। इसमें पुनर्वास की भी आवश्यकता नहीं होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना से मध्यप्रदेश के 1 लाख 23 हजार 82 हैक्टेयर भू-क्षेत्र और महाराष्ट्र के 2 लाख 34 हजार 706 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की स्थाई सुविधा उपलब्ध होगी।

इस परियोजना से म.प्र. के बुरहानपुर एवं खण्डवा जिले की बुरहानपुर, नेपानगर, खकनार एवं खालवा की कुल 4 तहसीलें लाभान्वित होंगी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम प्रदेश की एक-एक नदी के एक-एक बूंद जल का समुचित उपयोग राष्ट्र और राज्य के हित में करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# समस्याओं का समाधान समय-सीमा में करें

**भोपाल ब्यूरो।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र की सोनागिरी सहित अन्य कालोनियों में रहवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने अधिकारियों को एक निश्चित समय-सीमा में समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए। स्थानीय रहवासियों ने सड़कों के निर्माण, सीवेज नेटवर्क के सुधार सहित अन्य ज़रूरी माँगों के संबंध में राज्यमंत्री श्रीमती गौर का ध्यान आकृष्ट कराया।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि जरूरतमंदों की थाली में स्वाद, सम्मान और संपूर्ण पोषण बना रहे, इसी भावना से वह दीनदयाल रसोई घर, सोनागिरी का निरीक्षण कर रही हैं। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, सफाई और संचालन संबंधी दिशा-निर्देश दिए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अयोध्या बायपास स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर आवास आवंटन सुनिश्चित किया जाए, जिससे योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर मिल सके।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अयोध्या एक्सटेंशन लेक सिटी में भ्रमण कर नागरिको से भेंट की। क्षेत्र में अवैध बिजली कनेक्शन, सीवेज नेटवर्क को लेकर कुछ समस्या लोगों ने बताई।

# निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करें, समयसीमा में करें कार्य पूर्ण : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**रीवा, कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने भोपाल में रीवा एवं शहडोल संभाग में एमपीआरडीसी के विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यों की नियमित समीक्षा अनिवार्य है, ताकि किसी प्रकार की बाधा समय रहते दूर की जा सके। साथ ही, पूर्ण हो चुके कार्यों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए, जिससे कार्यों की गति बनी रहे और बजट का प्रभावी उपयोग संभव हो सके।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सीधी-सिंगरौली फोरलेन मार्ग के शेष भाग का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशासनिक अड़चनों को सर्वोच्च प्राथमिकता से दूर किया जाए। इस परियोजना का 52 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष कार्य प्रक्रियाधीन है। इसके साथ ही उन्होंने एडीबी (एशियन डेवलपमेंट बैंक) द्वारा वित्तपोषित रीवा-बेड़ा-सेमरिया मार्ग के शेष लगभग 1 किमी मार्ग (ढेकहा तिराहा से मंडी तक) को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मार्ग अत्यधिक व्यस्त रहता है, इसके शीघ्र निर्माण से स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने उमरिया से शहडोल तक टू-लेन मार्ग के उन्नयन कार्य की समीक्षा की। बताया गया कि यह कार्य 93 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य जून माह के अंत तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए।

# ग्रीन एनर्जी पर ध्यान दें अन्यथा बच्चों को बैग की जगह ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर चलना पड़ेगा : ऊर्जा मंत्री तोमर

**भोपाल ब्यूरो।** हम सबका का कर्त्तव्य है कि भावी पीढ़ी की सुरक्षा और उनको सुरक्षित वातावरण देने के लिये क्लीन एनर्जी - ग्रीन एनर्जी को प्रोत्साहित करें। अगर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो बच्चों को स्कूल बैग की जगह ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर चलना पड़ेगा। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह विचार भोपाल में आयोजित चौथे नेशनल सस्टेनेबल एनर्जी एनोवेशन कॉन्क्लेव में व्यक्त किये। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि यह कॉन्क्लेव न केवल ऊर्जा क्षेत्र के नवाचारों को प्रोत्साहित करेगा बल्कि एक स्थायी और सुरक्षित भविष्य की दिशा में हमारे प्रयासों को नई गति देगा।



मंत्री श्री तोमर ने कहा कि यह कॉन्क्लेव ऊर्जा के समाधान पर विचार विमर्श के लिये एक अच्छा अवसर है। बढ़ती ऊर्जा मांग और जलवायु चुनौतियों के बीच ऐसे प्रयास सुरक्षित भविष्य के लिये बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ऊर्जा सशक्तिकरण के लिये तकनीकी नवाचार को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि कॉन्क्लेव में निकलने वाले निष्कर्षों का क्रियान्वयन हर स्तर पर होना चाहिए, तभी यह सार्थक होगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि आज के डिजिटल युग में जैसे-जैसे ऊर्जा प्रणालियां डिजिटल हो रही हैं, वैसे-वैसे इनकी साइबर सुरक्षा भी जरूरी हो गयी है। कॉन्क्लेव में ऊर्जा क्षेत्र में साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विचार करना जरूरी है। ऊर्जा मंत्री ने इस दौरान लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

# बच्चों को फोन से दूर रखने के लिए आजमाएं ये 5 कला गतिविधियां, होगा फायदा

इस समय बच्चों के लिए फोन से दूर रहना काफी मुश्किल हो रहा है। इसकी वजह से उनकी आंखों पर काफी बुरा असर पड़ रहा है।

इसके अलावा फोन पर ज्यादा समय बिताने से बच्चे मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर रहे हैं। इससे बचाने के लिए आप अपने बच्चों को इन कला गतिविधियों में शामिल कर सकते हैं।

ये गतिविधियां बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ाने के साथ-साथ उनके लिए फायदेमंद भी हो सकती हैं।



**रंगों से खेलना**

बच्चों को रंगों से खेलना सिखाएं। उन्हें अलग-अलग रंगों के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित करें। आप उन्हें रंगीन कागज, रंगीन पेंसिल या मार्कर्स दे सकते हैं।

इसके अलावा आप उन्हें रंगों के मिश्रण से नए रंग बनाने की कला भी सिखा सकते हैं। इससे बच्चे न केवल रंगों के बारे में जानेंगे, बल्कि उनकी कल्पना शक्ति भी बढ़ेगी।

यह गतिविधि बच्चों को ध्यान केंद्रित करने और उनकी रचनात्मकता को बढ़ाने में मदद करेगी।

**चित्रकारी करना**

चित्रकारी बच्चों की कला कौशल विकसित करने का एक बेहतरीन तरीका है। आप उन्हें अलग-अलग प्रकार की चित्रकारी सिखा सकते हैं जैसे कि पानी से रंगना, तेल रंगना या एक्रिलिक रंगना।

इसके अलावा आप उन्हें नेचर स्केचिंग, पोर्ट्रेट ड्राइंग या कार्टून ड्राइंग भी सिखा सकते हैं। इससे उनकी कल्पना शक्ति बढ़ेगी और वे अपने विचारों को बेहतर तरीके से व्यक्त कर सकेंगे। यह गतिविधि बच्चों को ध्यान केंद्रित करने और उनकी रचनात्मकता को बढ़ाने में मदद करेगी।

**संगीत वादन करना**

संगीत वादन बच्चों की भावनाओं को व्यक्त करने का एक अच्छा माध्यम हो सकता है। आप उन्हें अलग-अलग प्रकार के संगीत के यंत्र सिखा सकते हैं जैसे कि गिटार, पियानो या ड्रम्स।

इसके अलावा आप उन्हें गाना गाना या नाच-गाना भी सिखा सकते हैं। इससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और वे अपनी भावनाओं को बेहतर तरीके से समझ सकेंगे।

यह गतिविधि बच्चों को अनुशासन और समय प्रबंधन की अहमियत भी सिखाएगी।

कहानी लिखना

कहानी लेखन बच्चों की कल्पना शक्ति को बढ़ाने का एक बेहतरीन तरीका हो सकता है।

आप उन्हें अपनी कहानियां लिखने के लिए प्रेरित करें, जिसमें वे अपने पात्र खुद बना सकें और उनके साथ नई रोमांचक घटनाएं जोड़ सकें। इससे उनकी लिखने की क्षमता में सुधार होगा और वे अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त कर सकेंगे।

इसके अलावा यह गतिविधि बच्चों को अनुशासन और समय प्रबंधन की अहमियत भी सिखाएगी।

**खाना बनाना**

खाना बनाना न केवल एक कला गतिविधि बल्कि जीवन कौशल भी है। बच्चों को अलग-अलग व्यंजन बनाना सिखाएं, जिससे वे समय प्रबंधन, साफ-सफाई और पोषण की अहमियत समझ सकें।

### विशेष नामांकन अभियान

# आठवीं पास विद्यार्थियों का कक्षा नौ में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करें : डीएम



**ललितपुर।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ.प्र. लखनऊ के पत्र 27 मार्च 2025 के अनुपालन में जिले में 01 से 15 अप्रैल 2025 के मध्य विशेष नामांकन अभियान के अन्तर्गत कक्षा-8 उत्तीर्ण समस्त छात्र-छात्राओं के अनिवार्य रूप से कक्षा-9 में प्रवेश सुनिश्चित कराये जाने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागर में समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में विशेष नामांकन अभियान के सम्बन्ध में पूर्व आहूत बैठक 08 एवं 30 अप्रैल 2025 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की अद्यतन प्रगति एवं कक्षा-9 में विकासखण्डवार विद्यालयों में हुए नामांकन की समीक्षा की गई। डीआईओएस ने बताया कि जनपद में विशेष नामांकन अभियान के अन्तर्गत सत्र 2024-25 में कक्षा-8 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं की संख्या-26988 के सापेक्ष अद्यतन 14687 छात्र-छात्राओं ने कक्षा-9 में प्रवेश लिया है। जिसमें राजकीय विद्यालयों में 5595, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में 2452, वित्तविहीन विद्यालयों में 6240, सी.बी.एस.ई. विद्यालयों में 118, आई.सी.एस.ई. विद्यालयों में 28, अन्य बोर्ड के विद्यालयों में 160 तथा जनपद के बाहर 94 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया। प्रवेश हेतु बचे 12301 छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों से सम्पर्क कर उनका भी विद्यालयों में प्रवेश कराने की कार्यवाही गतिमान है। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये कि अन्य बोर्डो में प्रवेश लिए 160 छात्र-छात्राओं का बोर्डवार विवरण आगामी बैठक में प्रस्तुत करेंगे तथा अपने-अपने विकास खण्डों के रेण्डम आधार पर 10 विद्यालयों का डाटा तैयार करेंगे कि प्रवेश नहीं लेने वाले छात्र-छात्राओं द्वारा प्रवेश नही लिये के कारण से भी अवगत करायेगे। इन विद्यालयों में परिषदीय, राजकीय, अशासकीय, वित्तविहीन एवं सी.बी.एस.ई./आई.सी.एस.ई. को सम्मिलित किया जाये। यह भी निर्देशित किया गया कि समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं माध्यमिक शिक्षा के नामित विकासखण्ड प्रभारी आपस में प्रतिदिन समन्वय स्थापित कर छात्र-छात्राओं के प्रवेश में आने वाली समस्याओं का सक्षम स्तर से निराकरण करायेंगे तथा प्रतिदिन कक्षा-8 उत्तीर्ण छात्रों के कक्षा-9 में प्रवेश लिये जाने की समीक्षा विकासखण्ड के विद्यालयों से करेंगे। जिला समन्यवक (सामुदायिक सहभागिता) प्रतिदिन प्रवेश सम्बन्धी डाटा खण्ड शिक्षा अधिकारियों से एकत्र कर सूचना अद्यतन करके प्रतिदिन सूचना की एक प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक, को प्राप्त करायेंगे। बैठक में डीआईओएस ओपी सिंह, प्रभारी बीएसए, बीईओ नन्दित कुमार, जीआईसी प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार, राइका माताटीला प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार, बीईओ नगर क्षेत्र नीतू, बीईओ बार शैलजा व्यास, बीईओ बिरधा गौरव शुक्ला, बीईओ तालबेहट समर सिंह, बीईओ मड़ावरा नरेश रावत, बीईओ महरौनी राजकुमार पुरोहित, बीईओ जखौरा भुवनेन्दु अरजरिया, माध्यमिक शिक्षा के नामित विकासखण्ड प्रभारी, जिला समन्वयक (सामुदायिक सहभागिता) उपस्थित रहे।

# पोषण पाठशाला में मातृ शक्तियों को दी गयी जानकारियां



**ललितपुर।** पोषण अभियान अन्तर्गत पोषण पाठशाला का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग प्रमुख सचिव आई.ए.एस. लीना जौहरी की अध्यक्षता में किया गया। पोषण पाठषाला में विषय विषेषज्ञों में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग विभागाध्यक्ष डा.अंजू अग्रवाल, वाइस डीन एकेडेमिक्स, के.जी.एम.यू. लखनऊ, डा.सीमा टंडन, सलाहकार एवं आरआरटीसी नोडल उत्तर प्रदेश तकनीकि सहयोग इकाई लखनऊ एवं डा.मो.सलमान खान, वरिष्ठ सलाहकार (बाल रोग), वीरांगना अवन्ती बाई महिला अस्पताल डफरिन लखनऊ द्वारा मुख्य थीम-मातृ पोषण, स्तनपान और गर्मी से बचाव विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। उक्त पोषण पाठशाला का लखनऊ से लाइव टेलीकास्ट किया गया।

जनपद में संचालित समस्त 1124 आंगनबाड़ी केन्द्रों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा पोषण पाठषाला में वेब लिंक के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। कुल 25491 लाभार्थी द्वारा भी उक्त पाठशाला में सम्बन्धित आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। ब्लाक स्तर पर समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं मुख्य सेविकाओं द्वारा उक्त पाठषाला में प्रतिभाग किया गया।

जनपद स्तर पर एन.आई.सी. के माध्यम से पोषण पाठशाला में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना शहर की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**ललितपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली से प्राप्त दिशा-निदेशों के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 10 मई 2025 को सुबह 10 बजे से न्यायालय परिसर, जनपद की सभी तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेंद्र कुमार झा, ने आम नागरिकों से अपील की है कि वह इस राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर वाहनों से संबंधित ई-चालान, आपराधिक शमनीय वाद, बैंक वसूली वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, पारिवारिक, वैवाहिक मामलें, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, विद्युत अधिनियम, स्टाम्प अधिनियम, श्रम अधिनियम, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, उपभोक्ता फोरम के वाद, स्थायी लोक अदालत में लंबित वाद, नगर पालिका टैक्स वसूली वाद, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान वाद, दुकान एवं वाणिज्य अधिनियम के अधीन बांट माप वाद, आयकर, वाणिज्य कर, जलकर, वन अधिनियम, सेवा संबंधी वाद, चेक बाउन्स के मामलें आदि के अन्तर्गत लंबित वादों एवं अन्य वादों के निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किये जायेगें। वादकारियों से आह्वान किया कि वह अपने लंबित वादों को आपसी सुलह समझौता के आधार पर निस्तारित कराना चाहते हों तो 10 मई 2025 को समय सुबह 10 बजे न्यायालय परिसर में उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण कराकर राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें।

# तखत ग्रुप के प्रयास से लोगों में पक्षियों के प्रति जागरूकता बढ़ी : राज्यमंत्री

## जलपात्र वितरण कार्यक्रम का हुआ विधिवत समापन




**ललितपुर।** तखत ग्रुप के तत्वाधान में विगत एक सप्ताह से अनवरत चलाये जा रहे जलपात्र वितरण कार्यक्रम का शुक्रवार को विधिवत समापन हो गया है। यह कार्यक्रम पक्षियों को गर्मी में पानी उपलब्ध कराने के लिए आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के तहत, लोगों ने अपने घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए जलपात्र रखे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि पक्षियों को गर्मी में पानी की कमी से बचाया जाए और उन्हें गर्मी से राहत मिले। इस कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों, सामाजिक समूहों और व्यक्तियों ने भाग लिया। जलपात्र वितरण कार्यक्रम का समापन समारोह भी आयोजित किया गया था। समापन अवसर पर श्रम एवं सेवायोजना राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ ने तखत ग्रुप के जलपात्र वितरण कार्यक्रम को अभूतपूर्व बताते हुये सराहना की। कार्यक्रम के माध्यम से, लोगों में पक्षियों के प्रति जागरूकता बढ़ी और उन्होंने जलपात्र रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह कार्यक्रम एक सफल आयोजन था, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पक्षियों को गर्मी में पानी उपलब्ध कराने में मदद की। समापन अवसर पर तखत ग्रुप सदस्यों ने कहा कि संसार की जैव विविधता संरक्षित हो आकाश में पक्षियों की ऊंची उड़ान हमें आनंददाई प्रेरणा देती रहे और हम सब भी अपने नैतिक दायित्व का निर्माण करते हुए पक्षियों के लिए विशेष कर ग्रीष्म ऋतु में दाना पानी की व्यवस्था नियमित करें। इसी संकल्प के साथ हम गर्मी आने के पहले ही पक्षियों के लिए हमारे संगठन ने सकोरे बनाने का कार्य प्रारंभ करवा दिया था। विगत दिनों जिलाधिकारी आवास से जलपात्र वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था। वक्ताओं ने जलपात्र के मानक स्तर का होने के कारण इसकी डिजाइन भी हमारे द्वारा ही तैयार कराये जाने पर भी चर्चा की। सदस्यों ने बताया कि विगत वर्षो से पक्षियों के लिए जल पात्र का विभिन्न स्थानों व आमजनों में किया गया।

उन्होंने कहा इस कार्य में अब आमजन भी बड़ी संख्या में जुड़ गए हैं, जिससे हमारा कार्य और सुगम होकर विस्तृत हो गया है। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष रमेश खटीक, मज्जू सोनी, हृदेश हुण्डैत टिंकल, पार्षद अफजुल रहमान, पार्षद अशोक पंथ, राजीव चौबे बुढ़वार, राहुल मोदी, सुमेर जैन, रामकोटि, आशीष हुण्डैत, सुदामा मिश्रा, बृजेश लाला, मिन्टू सिंघई, पत्रकार अमित लखेरा, अमित तिवारी, राजेश दुबे, बृजेश जैन, विजय शर्मा कुक्कन आदि मौजूद रहे।

**समापन अवसर पर चांदमारी पहुंचे सदस्य**

जलपात्र वितरण कार्यक्रम के समापन अवसर पर तखत ग्रुप के सदस्य चांदमारी पहुंचे, यहां राज्यमंत्री आवास से जलपात्र वितरण का शुभारंभ किया गया। सदस्यों ने चांदमारी स्थित बैंक कालोनी, शिवनगर कालोनी इत्यादि में घर-घर जाकर जलपात्रों का वितरण किया।

साथ ही लोगों से आह्वान किया कि वह जलपात्र में शीतल पेयजल भरकर छतों पर रखें और गौरैया चिड़िया समेत पक्षियों को दाना भी रखें।

# पं.श्याम बिहारी मिश्रा की 87 वीं जन्म जयंती मनायी

**ललितपुर।** देश के करोड़ों व्यापारियों के मसीहा मार्गदर्शक पथ प्रदर्शक पं.श्याम बिहारी मिश्रा की 87 वीं जन्म जयंती पर जिला चिकित्सालय स्थित अन्नपूर्णा भोजनालय पर व्यापार मंडल के तत्वाधान में गरीबों एवं अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों को निशुल्क भोजन कराया और उनकी जन्म जयंती पर उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर व्यापारियों ने वहां सभा की और पंडित जी के व्यक्तित्व,कृतित्व योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। ईस वंदना के बाद व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों ने पंडित जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर ने कहां कि श्री मिश्रा जी ने लगभग 5 दशक तक देश की संसद से लेकर सड़कों पर संघर्ष किया किंतु उन्होंने व्यापारी समाज के सम्मान स्वाभिमान को कभी कम नहीं होने दिया। 1974 से 2021 तक पूरे देश में संगठन को खड़ा किया और अपने हितों के लिए संघर्ष का आवाहन किया। उन्होंने व्यापारी समाज को सम्मान दिलाने, इंस्पेक्टर राज, भ्रष्टाचार, आवश्यक वस्तु अधिनियम, बिक्री कर, वैट कर, मंडी अधिनियम, आयकर और सैंपल जैसे जटिल कानूनों से राहत और मुक्ति दिलाने के लिए दिल्ली की सड़कों पर और देश के विभिन्न राज्यों में संघर्ष किया और पुलिस की लाठियां के शिकार भी हुए और व्यापारी हितों के लिए कई बार जेल भी गए।

# मुगलों के काल थे महाराणा प्रताप

**ललितपुर।** अखिल भरतीय क्षत्रिय महासभा ने जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में मेवाड़ नरेश महाराजा महाराणा प्रताप का प्रकट दिवस जिला कार्यालय पर मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह परमार ने कहा कि हिंदी मास के अनुसार जेष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया को महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था। अंग्रेजी वर्ष अनुसार 9 मई 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ में जन्म हुआ था। वह मेबाड़ के 13वें राजा थे। राघवेंद्र सिंह बघेल ने कहा कि महाराणा प्रताप की वीरता जग जाहर है। उनके एक पुत्र तेज सिंह एवम पुत्री का नाम तारा था। कहते है कि कुछ दिनों महाराणा प्रताप जी को जंगलों में घास की रोटी खाई थी। परिवार की चिंता न करते हुए उन्होंने भील आदिवसियों एवं लोगडिया लुहार को साथ लेकर मुगलों को धूल चटाई थी। महामंत्री भगवत सिंह ने कहा कि 1576 में हल्दीघाटी का युद्ध मेवाड़ के राणा प्रताप सिंह और मुगल सम्राट अकबर की सेना में मध्य लड़ा गया था, जिसमे मुगलों को उन्होंने धूल चटा दी थी। उन्होंने कहा कि अति शीघ्र अखिल भारतीय महाराणा प्रताप सेवा संस्थान का गठन किया जाएगा, जो सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगी। कहा कि महाराणा प्रताप को एक बार उनके ही अपनो की दोगली पूर्ण नीति से इन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद इन्होंने जंगलों में रहकर घास की रोटी खानी पड़ी थी।

# पिछले आठ दिनों से 500 परिवार पीने के पानी को परेशान

**पिपरघान रोड, ठाकुर बाबा मंदिर के सामने तीनों बोरो की मोटर फूंकी**

**मरम्मत हेतु नगर पालिका ने 7 अप्रैल को निकाली मोटर लेकिन**

**मोटरों की अभी तक नहीं हुई मरम्मत**

संवाददाता – हरिओम शर्मा



**सबलगढ़।** नगर पालिका क्षेत्र सबलगढ़ के निवासी इस मामले में भाग्यशाली है कि शहर में प्राचीन रानी तालाब होने के कारण भूजल स्तर पर्याप्त है पानी की कहानी कोई कमी नहीं है वर्ष 2018 से जब से तालाब का निर्माण हुआ है कभी पानी की किल्लत महसूस नहीं हुई

लेकिन इस लापरवाह और उदासीन नगर पालिका का क्या करें जिसे गर्मी के मौसम में अपने शहर के नागरिकों की पीने की पानी की व्यवस्था की कोई चिंता नहीं है इस समय मध्य प्रदेश शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत नल जल योजना के अलावा शहर के प्राचीन जल स्त्रोतों का भी संरक्षण होना है मरम्मत होनी है अतिक्रमण हटाना है और उन्हें सफाई के बाद रिचार्ज करना है लेकिन यह करना तो दूर पिछले आठ दिनों से 500 परिवार पीने के पानी की भारी किल्लत महसूस कर रहे हैं 500 से अधिक परिवारों को रोजाना अपनी दैनिक जरूरत के लिए हैंडपंप से आस-पड़ोस के बोर वाले घर से पानी ढोने को मजबूर होना पड़ा है जिसमें पिपरघान रोड,रेल पटरी के किनारे बसे परिवार , बेनिपुरा क्षेत्र के लोग शामिल हैं

इन सभी लोगों को नगर पालिका द्वारा नल से पानी प्राप्त नहीं हो रहा है बताया गया है कि पिपरघान रोड से और आगे ठाकुर बाबा मंदिर के ठीक सामने जलावर्धन योजना के तहत वर्ष 2018 में 8 बोर कराए गए थे जिनमें से केवल तीन बोर ही पानी दे रहे है उनमें डली विद्युत मोटर 30 अप्रैल के बाद फुंक गई

लेकिन नगर पालिका लगातार लापरवाह बनी रही ना बोरो से मोटर निकाली है ना ही अन्य कोई व्यवस्था की गई

लेकिन जब जनता चिल्लाने लगी तो 7 अप्रैल को तीनों फूंकी मोटर को निकाल लिया गया है लेकिन मरम्मत के लिए नहीं भेजा गया है ना ही उन बोरों में दूसरी मोटर डाली गई है डुबताया गया है कि नगर पालिका क्षेत्र में सभी बोरों में जो विद्युत मोटर डाली गई है उनकी मरम्मत का ठेका बंटी धानुका नाम के ठेकेदार पर है

जिसे 9 महीने से नगर पालिका ने भुगतान नहीं किया है नगर पालिका द्वारा करीब हर माह मरम्मत के लिए रू.500000 से अधिक राशि का भुगतान किया जाता है 9 माह से भुगतान नहीं होने के कारण बंटी धानुक ने मोटरों की मरम्मत कराना बंद कर दिया है यही कारण है कि मरम्मत नहीं होने से मोटर खराब बंद पड़ी है ,नई मोटर की खरीद भी नहीं की गई है

## अब 500 से अधिक परिवार पानी के लिए तरस रहै है

जल शाखा प्रभारी उप यंत्री सतीश बंसल बताते हैं कि ठेकेदार का भुगतान नहीं होने से मरम्मत नहीं हो रही है, नई मोटर की खरीद के लिए प्रक्रिया करनी पड़ेगी, ऐसे में पानी कब तक चालू होगा कुछ नहीं कह सकते

वार्ड क्रमांक 11 पिपरघान रोड पर रहने वाले राजेश माथुर बताते हैं कि इस समय भारी गर्मी पड़ रही है और पानी के लिए महिलाओं के और पुरुषों के दो से तीन घंटे खराब हो जाते हैं पानी की किल्लत से घर की पूरी व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई है नगर पालिका को तुरंत पानी की व्यवस्था करनी चाहिए अगर पानी नल से नहीं आता है तो टैंकर से सप्लाई करनी चाहिए

सीएमओ प्रीतम माझी बताते हैं कि मैं पूरे मामले की जानकारी लेता हूं जल शाखा प्रभारी को बुलाता हूं जल्दी ही पानी की व्यवस्था सभी के लिए उपलब्ध कराई जाएगी

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी ने किया जनपद का दौरा

**ललितपुर।** शुक्रवार को राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डा. अजय गुप्ता एवं उनकी टीम ने जनपद का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट का निरीक्षण किया। उन्होंने एन.आर.सी., ओ.पी.डी., प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस लेबर रूम, कोल्ड चैन आदि का गहन निरीक्षण किया तथा उनकी बारीकियों को समझाया। तत्पष्चात उन्होने जी.जी.आई.सी. में टी.डी. अभियान का पर्यवेक्षण किया तथा बालिकाओं को टी.डी. वैक्सीन के बारे में लाभ बताये। तत्पश्चात सीएमओ कार्यालय में राज्य मूल्यांकन एवं अनुश्रवण अधिकारी संजय कुमार गोयल और राज्य कार्यक्रम प्रबंधन अधिकारी सीएमओ डा.रोहित रघुवंशी, क्षेत्रीय नोडल अधिकारियों, उप मुख्य चिकित्स अधिकारियों, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षकों, चन्द्र भूषण सिंह मंडलीय कार्यक्रम अधिकारी यू.एन.डी.पी. झांसी एस.एम.ओ. डब्ल्यूएचओ, डी.एम.सी. यूनीसेफ, वी.सी.सी.एम.यू.एन.डी.पी. जिला प्रतिनिधि सी.एच.ए.आई. आदि के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। उन्होंने टीकाकरण को प्राथमिकता देते हुये गुणात्मक सुधार हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

### अग्निवीर भर्ती को लेकर दी जानकारी

**ललितपुर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी आकांक्षा यादव ने अवगत कराया है कि जिला मजिस्ट्रेट ने डीआईओएस व बीएसए को संदर्भित पत्र के आदेश के क्रम में डीआईओएस के द्वारा निर्धारित विद्यालयों 05 मई 2025 को राजकीय इण्टर कॉलेज एवं राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में, 06 मई 2025 को राजकीय पॉलीटेक्निक एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में व 07 मई 2025 को पनारी स्थित महाविद्यालय एवं दीपचन्द्र चौधरी महाविद्यालय में आयोजित अग्निवीर भर्ती के प्रचार-प्रसार के कार्यक्रम के साथ जिला सेवायोजन कार्यालय ललितपुर द्वारा भी कैरियर काउन्सिलिंग कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में सार्जेन्ट राजीव एवं कॉपरल रोहित ने भारत सरकार द्वारी जारी अग्निपथ योजनाओं से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी अभ्यर्थियों को प्रदान की। कार्यक्रमों के आयोजनों के दौरान जिला मजिस्ट्रेट के आदेशों के क्रम में जिला रोजगार सहायता अधिकारी आकांक्षा यादव द्वारा रोजगार संगम पोर्टल, सेवायोजन पोर्टल एवं रोजगार मेलों से अभ्यर्थियों को अवगत कराया गया। साथ ही अभ्यर्थियों को हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक के बाद उपलबध रोजगार के विभिन्न आयामों के बारे में बताया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य निर्माण हेतु प्रेरित किया गया।

### एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन चौदह मई को

**ललितपुर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी आकांक्षा यादव ने अवगत कराया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में प्राइवेट आई.टी.आई. में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 14 मई 2025 को किया जा रहा है। रोजगार मेले में विभिन्न पदों के लिए 50 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियों प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमे शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक एवं परास्नातक, आई.टी.आई. में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। पंजीयन के उपरान्त रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु इच्छित कम्पनी में अपना आवेदन भी करना होगा। रोजगार मेले के साथ ही एक दिवसीय कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही सभी को यह बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलो में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया मुफ्त होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड नही की जाती है। यदि अभ्यर्थियों से कोई भी रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड की जाती है तो अभ्यर्थी ऐसे फेक फोन कॉल्स, ई-मेल व फोन कॉल को सत्य मानकर पैसे ऑनलाइन या ऑफलाइन डिपोजिट न करें तथा ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी सीधे जिला सेवायोजन कार्यालय आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

### हत्या के नियत से युवक पर किया प्राणघातक हमला, जुर्म दर्ज

**रायपुर।** मौली मंदिर के पास टिकरापारा स्थित घर में घुसकर चार लोगों ने एक युवक की हत्या करने के नियत से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सीतल तिवारी 47 वर्ष मौली मंदिर के पास टिकरापारा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि आरोपी भुवन, पंकज, गोल्डी व अन्य ने जबरन प्रार्थिया के घर में घुसकर उसके पुत्र प्रत्युष तिवारी की हत्या करने के नियत से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग थाना क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में गांधी नगर पंडरी निवासी सोहेज खान 20 वर्ष ने मोवा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 क्यूए 6888 को अंबुजा मॉल के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में बीरगांव जागृतिनगर निवासी रामबाबु पंडित 49 वर्ष ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 केटी 4622 को उरकुरा रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं तुलसी नेवरा निवासी प्रार्थी कृष्णकांत वर्मा 27 वर्ष ने नेवरा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलजे 9717 को बुधवारी बाजार नेवरा के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से नकदी रकम पार

**रायपुर।** लीली चौक स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 76 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भगत अवधिया 61 वर्ष लीली चौक का रहने वाला है।

# शान्तनु पाराशर ने 97% अंक प्राप्त कर विद्यालय में किया तीसरा स्थान प्राप्त

## इस सफलता के लिऐ विद्यालय परिवार को दिया धन्यवाद

संवाददाता- हरिओम शर्मा

**सबलगढ़/** जी डी रियल इंग्लिश स्कूल के दसवीं के छात्र रहे शान्तनु पाराशर पुत्र श्री राम सेवक पाराशर ग्राम बडमन ने हाई स्कूल मैं 97% अंक प्राप्त कर बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की । शान्तनु पाराशर ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 500 में से 483 अंक हासिल किया हैं शान्तनु 97% अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया है शान्तनु की इस सफलता पर विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों शिक्षकों एवं मित्रों और परिवार के सदस्यों ने मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई दी



# पर्यावरण अनुकूल हो हर उत्सव कृ बच्चों ने सीखे इको भवन' और 'गणेश भगवान'



**ग्वालियर।** शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत एक ऊर्जावान योग सत्र से हुई, जिसका संचालन श्री मुकेश गोस्वामी जी ने किया। उन्होंने खेल-खेल में योग को सरल और आनंददायक रूप में बच्चों को सिखाया, जिससे बच्चों में ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ। श्रीमती सीमा कालिया जी ने प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से बच्चों को मुक्त कंठ से उद्घोष करने के लिए प्रेरित किया, जिससे उनका आत्मविश्वास और उत्साह और भी बढ़ा। दिन का मुख्य आकर्षण रहा ÷इको भवन और गणेश भगवान की प्रतिमाओं का ÷ निर्माण, जहाँ कुमारी पल्लवी यादव एवं कुमारी राधिका तायल जी ने बच्चों को गोबर और मिट्टी से भगवान गणेश की पर्यावरण-अनुकूल प्रतिमा बनाना सिखाया। यह रचनात्मक गतिविधि बच्चों में न केवल पर्यावरणीय भवन ऊर्जा संरक्षण की चेतना जगाती है। बच्चों ने इस सत्र में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी रचनात्मकता को मूर्त रूप देते हुए आत्मनिर्मित प्रतिमाएँ बनाई। यह शिविर न केवल स्वास्थ्य और आत्मिक शुद्धता को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि जीवन के प्रति पर्यावरण-मित्र दृष्टिकोण भी विकसित कर रहा है।

# सिटी सेंटर में यातायात को अवरूद्ध कर रहे हाथ ठेले वालों को हटाया



**ग्वालियर।** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात एवं नागरिकों की सुविधा के लिए निरंतर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। मदाखलत अधिकारी श्री केशव सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री सिंघप्रिय के निर्देशानुसार उपायुक्त सत्यपाल सिंह चौहान के निर्देशन में शहर में सुगम यातायात हो इसके लिए प्रतिदिन यातायात में बाधक अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत पूर्व विधानसभा अंतर्गत सिटी सेंटर एयरटेल ऑफिस गली में यातायात में अवरुद्ध हाथ ठेले वालों को हटाया गया। इसके साथ ही उक्त मार्ग पर बने शोरूम और दुकानदारों को हिदायत दी गई कि दो पहिया और चार पहिया वाहन पार्किंग में ही लगाएं, अन्यथा चालानी कार्यवाही की जावेगी। उक्त कार्यवाही मदाखलत निरीक्षक श्री विशाल जाटव एवं मदाखलत अमला मौजूद रहा।

# शहर के प्रमुख स्थानों पर लगाए जा रहे ध्वनि विस्तारक यंत्र



**ग्वालियर।** आपातकालीन स्थितियों को देखते हुए नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर के प्रमुख स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार शहर के लगभग 42 स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाये जा रहे हैं। अपर आयुक्त श्री विजय राज ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघप्रिय के निर्देशानुसार आपातकालीन स्थितियों को देखते हुए नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर के प्रमुख स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिसके तहत कलेक्टर कार्यालय ओहदपुर, एजी ऑफिस, सिरौल थाना कॉलोनी, गोविंदपुरी मिलेनियम प्लाजा, पुलिस कंट्रोल रूम, आकाशवाणी, थाटीपुर हाऊसिंग बोर्ड मल्टी, होटल एम्बियंस, गांधी रोड पानी की टंकी, तानसेन नगर जोन ऑफिस, साईं मंदिर खेडापति कॉलोनी, हॉकी स्टेडियम, फूलबाग पार्क, कटी घाटी, होमगार्ड ऑफिस, ट्रांसपोर्ट नगर, पुरानी छावनी, मानपुर मल्टी, हजीरा चौराहा शिवहरे कॉम्प्लेक्स, किला गेट थाना, किला गेट, गोला का मंदिर एमआईटीएस, डीडी नगर महाराजा कॉम्प्लेक्स जोन ऑफिस, सीएम राईज विक्रमपुर, पिंटो पार्क, आदित्यपुरम, एमेटी यूनिवर्सिटी, सागर पैराडाइज, सदर बाजार जेडओ ऑफिस, एम एच चौराहा, बडागांव खुरैरी चौकी, पुराना जिला पंचायत कार्यालय, पीएनटी कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी चौराहा, अवाडपुरा, सिकंदरकंपू, केआरजी कॉलेज, एमएलबी ओल्ड हाईकोर्ट, महाराज बाडा, गोल पहाडिया पुलिस चौकी, चिरवाई नाका, माधव कॉलेज नई सडक आदि स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है।

# शहर के चौराहों पर ध्वनि सूचना यंत्र लगाने हेतु सभापति श्री तोमर ने लिखा निगमायुक्त को पत्र

**ग्वालियर।** सभापति श्री मनोज सिंह तोमर ने आपात स्थिति में तत्काल शहरवासियों पर सूचना पहुंचे इसके लिए शहर में आवश्यकतानुसार चौराहों आदि स्थानों पर ध्वनि सूचना सायरन लगाये जाने के लिए नगर निगम आयुक्त श्री पत्र लिखकर अवगत कराया है। सभापति श्री मनोज सिंह तोमर ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि वर्तमान में देश आपदा की संभावित स्थिति से गुजर रहा है जिसके लिये निगम सीमा में निवासरत परिवारों का आपात स्थिति की अग्रिम सूचना हेतु ध्वनि सूचना (सायरन) लगाये जाने की प्रक्रिया विचाराधीन है। पूर्व में भी निगम मुख्यालय (बाडा), मोती महल कार्यालय, कार्यशाला, आमखो, जेसी मिल, मंघाराम फैक्ट्री आदि औद्योगिक एवं श्रमिक संस्थानों में समय सूचना हेतु समय-समय पर ध्वनि-सूचकांक स्थापित होकर बजाये जाते रहे हैं। अतः नगर के हित में मेरा सुझाव है कि पूर्व की भांति संस्थानों के ध्वनि सूचकांक (सायरन) पुनः प्रारंभ कराते हुये आवश्यकतानुसार चौराहों आदि पर लगाये जाने की व्यवस्था की जाना उचित होगा किन्तु ध्यान रहे कि आवश्यकता पड़ने पर (ध्वनि के विस्तार मापदण्ड अनुसार) सम्पूर्ण निगम सीमा में ध्वनि सुनाई दे। उक्त व्यवस्था में आने वाली व्यय राशि अध्यक्ष (सभापति) निधि से खर्च किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती।

# कोचिंग संस्थान में छात्रों को एवं पार्कों में आमजन को स्वच्छता के प्रति किया जागरुक



**ग्वालियर।** स्वच्छ व स्वस्थ्य ग्वालियर के अंतर्गत शहर में म्यूज एवं डिवाइन संस्था के सहयोग से नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न मोहल्लों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं संस्थानों में जाकर छात्र-छात्राओं एवं आमजन को गीला सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। आइईसी के नोडल अधिकारी श्री मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघप्रिय के निर्देशानुसार शहर में स्वच्छ ग्वालियर अंतर्गत नगर निगम ग्वालियर की सहयोगी संस्था म्यूज द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान अंतर्गत आज कोचिंग संस्थान, शिवाजी पार्क और विभिन्न वार्डो में नागरिको को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें 'गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, घर में चार डस्टबिनों की व्यवस्था करने तथा कचरा केवल निर्धारित कचरा गाड़ी में ही डालने हेतु प्रेरित किया गया तथा सिंगल यूस यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही संस्था डीवाईन द्वारा वर्डो में रहवासियों को गीला सूखा कचरा अलग अलग देने घर में 4 डस्टबीन रखने, कचरा केवल कचरा गाड़ी में ही डालने एवं होम कंपोस्टिंग के बारे में समझाया गया।

# दीनदयाल मॉल से वसूला सफाई शुल्क




**ग्वालियर।** शहर स्वच्छ व साफ रहे इसलिए गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों पर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है, जिसके तहत आज स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय ठाकुर के निर्देशन में दीनदयाल मॉल की सफाई शुल्क 5000 रूपये वसूले गए। कार्रवाई के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री सोनू वाल्मीकि एवं फ्लाइंग स्क्वायड सदस्य श्री मनोज भारती, श्री बसंत कुमार, श्री नंदेश करोशिया उपस्थित रहे। इसके साथ ही ग्वालियर पूर्व विधानसभा में स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान के निर्देशन में वार्ड क्रमांक 57 में स्वच्छता टीम द्वारा निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण दौरान गंदगी करने वालों पर 2000 का जुर्माना किया गया। साथ ही अमानक पॉलिथीन उपयोगकर्ता पर 2500 रुपए का जुर्माना किया गया। कार्यवाही के दौरान फ्लाइंग स्क्वायड टीम के प्रभारी श्री करन टॉक, श्री नीरज कुमार, श्री विक्रम, श्री लक्ष्मण करोसिया, श्री भीकाराम आदि उपस्थित रहे।

# भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत आवेदन माँगे

## अनुसूचित जनजाति के युवाओं को स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिये मिलेगी आर्थिक मदद

**ग्वालियर।** अनुसूचित जनजाति वर्ग के जिले के युवाओं को भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिये आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। इसके लिये 30 जून तक आवेदन माँगे गए हैं। मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र ऑनलाइन पोर्टल samast.mponline.gov.in पर भरे जा सकते हैं। साथ ही इसकी हार्डकॉपी शारदा विहार सिटी सेंटर स्थित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं शाखा प्रबंधक आदिवासी वित्त एवं विकास निगम के कार्यालय में जमा करनी होगी। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के तहत एक से 50 लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। सरकार द्वारा नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर 5 प्रतिशत अथवा वास्तविक जो भी कम हो, की दर से 7 वर्षों तक ब्याज अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही गारंटी फीस भी सरकार देती है। इस योजना के तहत जिले को पाँच इकाईयाँ स्थापित करने का लक्ष्य मिला है। टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत 10 हजार रूपए से एक लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। जिसके लिये सरकार द्वारा पाँच वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान एवं गारंटी फीस दी जाती है। इस योजना के तहत जिले में 24 युवाओं को लाभान्वित कराने का लक्ष्य है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये आवेदक की आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो और परिवार आयकरदाता न हो। टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत 24 इकाईयों का लक्ष्य मिला है। विस्तृत जानकारी के लिए शारदा विहार सिटी सेंटर स्थित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं शाखा प्रबंधक आदिवासी वित्त एवं विकास निगम के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# जिले में कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा आधुनिक पद्धति से कराया जा रहा है नरवाई प्रबंधन

**ग्वालियर।** नरवाई प्रबंधन की दिशा में ग्वालियर के कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा नई पहल की गई है। जिले में खेत में ही फसल अवशेष अर्थात नरवाई जलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिये कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सूक्ष्म जैवकीय संभाग से पूसा बायोडिकम्पोजर मंगाकर किसानों की मौजूदगी में खेतों पर नरवाई प्रबंधन का काम शुरू किया गया है। इस क्रम में डबरा विकासखंड के ग्राम बड़कीसराय में कृषक बलविंदर सिंह के खेत पर बायोडिकम्पोजर से गेहूँ की नरवाई का प्रबंधन करके दिखाया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह कुशवाह व डॉ. राजीव सिंह चौहान ने बताया कि बायोडिकम्पोजर के नए फोर्मूलेशन (डब्ल्यू.पी.) का सीधा घोल तैयार करके गेहूँ की नरवाई पर छिड़काव करके सफल नरवाई प्रबंधन किया जाता है। नरवाई प्रबंधन की यह पद्धति अत्यंत कारगर है।

# आपातकालीन स्थिति में नागरिक करें कंट्रोल रूम के नंबर 0751-2646606 पर संपर्क

**ग्वालियर।** देश में चल रहे हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ग्वालियर द्वारा मोतीमहल स्थित कंट्रोल कमांड सेंटर में कंट्रोल रूम बनाया गया है, इस कंट्रोल रूम में शहर के नागरिक किसी भी आपातकालीन स्थिति में संपर्क कर जानकारी दे सकते हैं। कंट्रोल रूम का नंबर 0751-2646606 है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शहर की स्थितियों की समीक्षा करते हुए मोतीमहल स्थित कंट्रोल कमांड सेंटर में कंट्रोल रूम पर 24 घंटे नजर रखने एवं कर्मचारी उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। इस कंट्रोल रूम पर शहर के नागरिक किसी भी आपातकालीन स्थिति में संपर्क कर जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके साथ ही शहर में पानी की समस्या के निराकरण के लिए नगर निगम द्वारा गर्मी के मौसम में शहर में पेयजल व्यवस्था ठीक बनी रहे, इसके लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा 24 घंटे 7 दिन शिकायत दर्ज करने के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसमें शहर के नागरिक अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। कंट्रोल रूम का नम्बर 0751-2438355 है।

# जिले में एम्बूलेंस की व्यवस्था सुदृढ न होने से पूर्व मंत्री को करना पडा कई घंटे इंतजार





**मुरैना,कांस।** विगत दिवस भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री श्री गिर्राज डण्डोतिया सडक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गये थे, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, लेकिन तीन जगह फैक्कर एवं अन्य गंभीर चोटें होने के कारण उन्हें नई दिल्ली एम्स के लिए रैफर किया गया था, लेकिन एम्बूलेंस की सुदृढ व्यवस्था न होने के कारण कई घंटे पूर्व मंत्री को एम्बूलेन्स का इंतजार करना पडा और जब समर्थको ने हॉस्पीटल में हंगामा तो कलेक्टर को अस्पताल आना पडा और ग्वालियर से एम्बूलेन्स मंगवाकर उन्हें दिल्ली के लिए रैफर किया गया। ज्ञात रहे के जिले में मरीजो को लाने-ले जाने के लिए आधा सैकडा से अधिक एम्बलेन्स है, जिसमें आधी से ज्यादा खराब होने पर मरम्मत के लिए पडी है। ऐसी स्थिति में जिला चिकित्सालय में गंभीर रूप से बीमार आने वाले मरीजो को जब चिकित्सक उच्च चिकित्सालयो के लिए रेफर करते है तो उन्हें मजबूर होकर प्रायवेट एम्बलेन्सो से मनमाना किराया देकर जाना पडता है, जिसमें एम्बूलेन्स चालक भी कमीशन के चक्कर में मरीजो को बरगलाकर प्रायवेट हॉस्पीटलो में भर्ती करा देते है। प्रायवेट चिकित्सालयो में मरीजो से उपचार के नाम मनमानी की जाती है। प्रदेश के पूर्व मंत्री ने सरकारी एम्बूलेन्स के लिए कई घंटे इंतजार किया तो आम आदमी का क्या हाल होता होगा।

# पटाखों के विस्फोट से जोरा में मकान धराशाही



**मुरैना,कांस।** 9 में जिले में अवैध पटाखे बनाने के कारण ज़िले में आए दिन विस्फोटक की घटनाएं घटित होती हो रही हैं जिससे कई लोगों की जान भी जा चुकी है वहीं कई मकान आसपास भी ध्वस्त हो चुके हैं प्रशासन द्वारा समय पर कार्रवाई भी की जाती है लेकिन फिर भी पटाखे बनाने का कारोबार जोर-जोर से चल रहा है जौरा थाना क्षेत्र के इस्लामपुरा में पटाखों से एक बड़ा विस्फोट हुआ जिसमें एक मकान धराशाई हो गया तथा आसपास के मकान में दरार पड़ गई हालांकि इस विस्फोट में किसी की भी जनहानि नहीं हुई सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस समय शादियों का सीजन चल रहा है और शहर के मध्य अशोक खान के मकान इस्लामपुर में पटाखों से भीषण विस्फोट हो गया जिससे मकान धराशाई हो गया तथा आसपास के मकान में दरार पड़ गई घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन की टीम पहुंच गई और घटना की जांच करने में जुट गई।

## नींम के पेड से फांसी लगाई

**मुरैना,कांस।** पोरसा थाना क्षेत्र में एक युवक ने नींम के पेड से फांसी का फन्दा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लला का पुरा में रहने वाले पंकज पुत्र सरनाम तोमर उम्र 40 साल ने अज्ञात कारणो के चलते स्टेडियम के पास खडे नीम के पेड से फांसी का फन्दा लगाकर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई।

# शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**मुरैना,कांस।** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई सैन्य कार्यवाही से उद्?भूत परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप्प, फेसबुक, इंस्टाग्राम व अन्य पर भ्रामक एवं अपुष्ट सूचनायें/संदेश आमजन द्वारा चित्रों ऑडियो एवं वीडियो मेसेज के माध्यम से प्रसारित कर फॉरवर्ड किये जा रहे है। ऐसी भ्रामक एवं अपुष्ट खबरों के कारण कानूनी एवं शांति व्यवस्था भंग होने के साथ प्रतिकूल परिस्थितियां निर्मित होने की संभावना बनी हुई है।साथ ही लोक व्यवस्था को खतरा उत्पन्न होने की स्थितियां भी निर्मित हो सकती है। उपरोक्त संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सोशल मीडिया के उपयोग पर नियंत्रण किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है। जिला मुरैना अन्तर्गत कानूनी एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने का तथा जन सामान्य की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक?टर श्री अंकित अस्थाना ने मुरैना जिले के समस्त राजस्व सीमांतर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किये हैं। उन?होंने आदेश में स?पष?ट एवं कड़े निर्देश दिये हैं कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे कि फेसबुक, व्हाट्सएप्प इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म आदि का दुरूपयोग कर किसी भी प्रकार के भ्रामक एवं अपुष्ट संदेशों का प्रस्तरण नहीं करेगा,साथ ही वर्तमान स्थिति में रक्षा मंत्रालय व विदेश मंत्रालय भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए जा रहे तथ्यों / जानकारी से भिन्न किसी जानकारी / संदेशों का प्रसारण नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफॉर्म में किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक एवं उन्माद फैलाने वाले संदेश, फोटो वीडियो, ऑडियो इत्यादि जिससे धार्मिक, सामाजिक जातिगत आदि भावनाएँ भड़क सकती है या साम्प्रदायिक विद्वेश पैदा हो सकता है. उसे प्रसारित नहीं करेगा। सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिससे कि धार्मिक, साम्प्रदायिक एवं जातिगत भावना भडकती हो, ऐसी पोस्ट को लाईक, शेयर या फॉरवर्ड नहीं करेंगे ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जानकारी होगी कि यह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को प्रसारित होने से रोके। कोई भी व्यक्ति न तो स्वंय किसी भी प्रकार की सामुदायिक, धार्मिक, जातिगत विद्वेष फैलाने या लोगों एवं समुदाय के घृणा, वैमनस्यता पैदा करने या दुष्प्रेरित करने या उकसाने या हिंसा फैलाने का प्रयास उपरोक्त माध्यमों से करेगा और न ही इसके लिए किसी को प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति अफवाह या तथ्यों को तोड़ मरोड़कर अथवा भड़काकर उन्माद उत्पन्न करने वाले संदेश जिससे लोग या समुदाय विशेष हिंसा या गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल हो जाए को प्रसारित नहीं करेगा, और न ही लाईक, शेयर या फॉरवर्ड नहीं करेगा, और न ही ऐसा करने के लिए किसी को प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति,समुदाय ऐसे संदेशों को प्रसारित नहीं करेगा, जिसमें किसी व्यक्ति, संगठन, समुदाय आदि को एक स्थान पर एक राय होकर जमा होने और उनसे कोई गैर कानूनी गतिविधियों करने के लिए आव्हान किया गया हो,जिससे कानूनी एवं शांति व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना विद्यमान हो।यह आदेश आम जनता को संबोधित है एवं जन समान्य की जान-माल की सुरक्षा तथा भविष्य में लोक शांति भंग होने की सम्भावनाओं को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है, जिसकी व्यक्तिश~ सूचना दी जाना संभव नहीं होने से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(2) के तहत एक पक्षीय पारित किया जाता है। इस आदेश के सबंध में सोशल मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, सामाचार पत्रों आदि के माध्यम से सूचित किया जा रहा है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा तथा आगामी दो माह तक प्रभावी रहेगा। यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरूद्ध आईटी अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही जा जायेगी।

# म प्र शिक्षक संघ का डेलीगेट 3 दिवसीय अभ्यास वर्ग के लिए अमरकंटक रवाना



**मुरैना,कांस।** मध्य प्रदेश शिक्षक के तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग का आयोजन अमरकंटक में दिनांक10 . 5 . 2025 से12.5 . 2025 तक चलेगा वस्तुतः हम सभी को ज्ञात है कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की यात्रा 55 पूर्ण होने जा रही है । और इस यात्रा के हम सभी संगठन के कार्यकर्ता एक पथिक बनकर स्वयं को संस्कारित और सुवासित करते हुए संगठन के विस्तार और विचार को अत्यधिक प्रभावी एवं सर्वस्पर्शी बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर निरंतर साधनारत है यह साधना परिणामकारी हो इस दृष्टि से प्रत्येक दायित्व वान कार्यकर्ता का समय-समय पर प्रबोधन एवं प्रशिक्षण आवश्यक है इसी भाव और उद्देश्य को लेकर संघ का तीन दिवसीय प्रांतीय अभ्यास वर्ग अमरकंटक मेंआयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। इस अभ्यास वर्ग में शिक्षकों की समस्याओं को भी रखा जावेगा। आयोजन में प्रमुख रूप से चंबल संभाग से प्रांतीय उपाध्यक्ष रामबरन सिंह सिकरवार, जिला अध्यक्ष पवन सिंह परिहार, जिला सचिव रामअवतार सिंह सिकरवार , प्रांतीय मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह धाकरे ,भिंड जिलाध्यक्ष श्याम सिंह भदोरिया, श्योपुर जिला सचिव धर्मेंद्र उपाध्याय उपस्थित रहेंगे ।


मध्यप्रदेश में बहेगी
समृद्धि की
जलधारा
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
देवेन्द्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र
'तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना'
मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र
सरकार के मध्य एमओयू
मुख्य अतिथि
देवेन्द्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
10 मई, 2025 । अपराह्न 3:00 बजे । मिंटो हॉल, भोपाल
मध्यप्रदेश के 1 लाख से अधिक हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का होगा विस्तार
यह परियोजना मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सरकार की संयुक्त भू-जल पुनर्भरण की परियोजना है, इससे लाभान्वित होने वाले जिलों में कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी
सिंचाई सुविधा के साथ पेयजल और उद्योगों के लिए जल आपूर्ति
'तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना' से भविष्य में जल की आवश्यकता की पूर्ति सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी
लाभान्वित जिले
खंडवा जिले की खालवा तहसील एवं बुरहानपुर जिले में नेपानगर, खकनार और बुरहानपुर तहसीलें लाभान्वित होंगी
D-11022/25
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP